सुविचार

हमें भी खुलकर उड़ने का शौक है जिंदगी पर घर की जिम्मेदारियों ने जकड़ रखा है

दैनिक
# संयुक्त लहर
हिन्दी समाचार पत्र

RNI No. MPHIN/2023/90392



वर्ष : 03, अंक 233 | dainiksanyuktlaher@gmail.com | इंदौर, बुधवार, दिनांक 13 मई 2026 | #DSL.indore | पृष्ठ : 8 मूल्य : रु.3



ऑनलाइन अख़बार और ख़बरों के लिये बारकोड स्कैन करे


# मध्यप्रदेश देश के 'नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजी हब' के रूप में हो रहा स्थापित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रदेश बनेगा देश की डिजिटल और तकनीकी अर्थव्यवस्था का प्रमुख ग्रोथ इंजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश उभरते आईटी राज्य से आगे बढ़ते हुए 'नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजी हब' के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है। मध्यप्रदेश निश्चित ही आने वाले समय में देश की डिजिटल और तकनीकी अर्थव्यवस्था के प्रमुख ग्रोथ इंजन के रूप में कार्य करेगा।राज्य सरकार द्वारा जीसीसी, एआई, सेमीकंडक्टर, ड्रोन, स्पेसटेक तथा एवीजीसी-एक्सआर जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों में लागू की गई नीतियां प्रदेश को देश की नई तकनीकी शक्ति के रूप में स्थापित कर रही हैं। इन नीतियों से प्रदेश में वैश्विक निवेश को प्रोत्साहन मिलने के साथ युवाओं के लिए रोजगार, नवाचार एवं कौशल विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश तकनीक, नवाचार और कौशल आधारित विकास मॉडल की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है



जिसने 'ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी-2025' लागू की है। इस नीति से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को टेक्नोलॉजी, अनुसंधान, एनालिटिक्स और साझा सेवाओं के केंद्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा पूंजीगत सब्सिडी, भूमि रियायत, किराया सहायता और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए वेतन अनुदान जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहरों में विकसित हो रहा आधुनिक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदेश को निवेश के लिए आकर्षक बना रहा है। इंदौर सुपर कॉरिडोर में विकसित हो रहे विश्वस्तरीय आईटी पार्क हजारों रोजगार अवसर सृजित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। 'मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2025' के माध्यम से चिप डिजाइन, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास और डिजाइन आधारित स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीति में पूंजीगत निवेश सहायता, भूमि रियायत, स्टॉम्प शुल्क प्रतिपूर्ति और विद्युत शुल्क में छूट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के प्रावधान शामिल किये गये हैं। अनुसंधान आधारित कंपनियों और डिजाइन स्टार्ट-अप्स को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भोपाल और ग्वालियर में पीसीबी मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों की स्थापना के लिए हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव इस क्षेत्र में बढ़ते विश्वास को दर्शाते हैं। सरकार उच्च शिक्षण संस्थानों में वेरी लार्ज स्केल इंटीग्रेश (वीएलएसआई) चिप डिजाइन और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण से जुड़े विशेष पाठ्यक्रम भी शुरू कर रही है जिससे भविष्य के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार हो सके। प्रदेश 'स्पेसटेक नीति-2026' जारी करने के साथ ही अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी नई उड़ान भर रहा है। 'स्पेसटेक नीति-2026' का उद्देश्य प्रदेश को देश का अग्रणी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी केंद्र बनाना है। इस नीति के तहत उपग्रह निर्माण, भू-स्थानिक विश्लेषण, स्पेस स्टार्ट-अप्स और एडवांस्ड रिसर्च को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत तक पूंजीगत सहायता, अनुसंधान अनुदान और स्टार्ट-अप समर्थन उपलब्ध कराया जा रहा है। भोपाल में स्पेसटेक क्लस्टर विकसित करने के लिए केंद्र सरकारक उपक्रम 'इन-स्पेस' के साथ काम किया जा रहा है। आईआईटी इंदौर, आईआईएसईआर भोपाल, आरआरकैट और एमपीसीएसटी जैसे संस्थानों की भागीदारी से प्रदेश में स्पेस इनोवेशन इकोसिस्टम मजबूत हो रहा है। स्मॉल-सैट डिजिटल ट्विन लैब और स्पेस इनोवेशन सैंड-बॉक्स जैसी पहलें मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिला रही हैं। 'ड्रोन प्रमोशन एंड यूसेज पॉलिसी-2025' से प्रदेश में ड्रोन निर्माण और ड्रोन आधारित सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि, भू-अभिलेख, आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक मॉनिटरिंग, खनन और वन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक का उपयोग बढ़ाया जा रहा है। साथ ही 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना' से युवाओं को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) सेक्टर को भी प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में एवीजीसी-एक्सआर लैब, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और 20 एकड़ का मीडिया पार्क विकसित किया जा रहा है। इससे डिजिटल कंटेंट और क्रिएटिव इकोनॉमी को नई गति मिलेगी। युवाओं को गेमिंग, एनिमेशन और डिजिटल मीडिया में रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार एआई आधारित गवर्नेंस मॉडल पर भी तेजी से कार्य कर रही है। 'रीजनल एआई इम्पैक्ट समिट-2026' के माध्यम से प्रशासनिक प्रक्रियाओं, नागरिक सेवाओं और डेटा विश्लेषण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे प्रशासन में पारदर्शिता, गति और कार्यकुशलता को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार वैश्विक निवेशकों और तकनीकी कंपनियों के साथ सक्रिय संवाद स्थापित कर रही है।मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) को इन तकनीकी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 35 से अधिक बड़े तकनीकी निवेश प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं, जिनकी अनुमानित लागत 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश तकनीक, नवाचार और कौशल आधारित विकास मॉडल की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जीसीसी, एआई, सेमीकंडक्टर, ड्रोन, स्पेसटेक और एवीजीसी-एक्सआर जैसे क्षेत्रों में लागू की गई नीतियां प्रदेश को देश की नई तकनीकी शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकी घुसपैठ नाकाम, लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकी ढेर; शव बरामद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक आतंकवादी को मार गिराया है। मारा गया आतंकी लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़ा बताया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें शव बरामद कर लिया गया।

### जैकलीन फर्नांडिस ने सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सरकारी गवाह बनने की अर्जी वापस ली

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनने की अपनी अर्जी वापस ले ली है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत में उनकी याचिका का विरोध किया था। एजेंसी का कहना था कि जांच के दौरान जैकलीन का सहयोग संतोषजनक नहीं रहा और उनका आचरण भी वैसा नहीं था, जिसकी उम्मीद की गई थी।

### राज्यों में घूम-घूमकर मंदिरों में चोरी करने वाले गिरोह का सरगना दिल्ली में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कई राज्यों में मंदिरों में चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 44 साल के मोहित शर्मा उर्फ मामा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पंजाब, केरल और कर्नाटक समेत कई राज्यों में मंदिरों से चांदी की मूर्तियां, दान पेटियां और धार्मिक आभूषण चोरी करता था। पंजाब की एक अदालत ने उसे पहले ही भगोड़ा घोषित कर रखा था।

### जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में नशा तस्कर की 2 अवैध दुकानें तोड़ी गईं

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में पुलिस ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर सरकारी जमीन पर बनी दो अवैध दुकानें गिरा दीं। ये दुकानें नशा तस्करी के कई मामलों में आरोपी जहूर अहमद शेख की थीं। उस पर एक्ट के तहत कई दर्ज हैं और पत्थरबाजी के 5 मामलों में भी उसका नाम है।स्स्क्र कुलगाम ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### दिल्ली उपराज्यपाल ने एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स थाने को मंजूरी दी, जब्त 1700 किलो नशीले पदार्थ नष्ट किए

**नई दिल्ली।** दिल्ली तरनजीत सिंह संधू ने मंगलवार को करीब 1700 किलो जब्त नशीले पदार्थ नष्ट किए, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 72 करोड़ रुपये है। इस मौके पर स्ल ने दिल्ली के पहले समर्पित एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स थाने की स्थापना को भी मंजूरी दी।

# पश्चिम एशिया संकट पर पवार बोले- मोदी सर्वदलीय बैठक बुलाएं

### पीएम की गोल्ड न खरीदने की अपील पर ज्वेलर्स ने कहा- रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा

**नई दिल्ली।** शरद पवार ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट पर पीएम नरेंद्र मोदी से सर्वदलीय बैठक बुलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित के मामलों में सभी दलों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना जरूरी है। पवार ने पर लिखा- पीएम मोदी ने जनता से सोना न खरीदने और पेट्रोल-डीजल कम खर्च करने की अपील की है। इससे अर्थव्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ सकता है। इन घोषणाओं से आम लोगों और कारोबारियों में बेचैनी बढ़ी है। ज्वेलरी काउंसिल का कहना है कि पीएम को उनसे बात करनी चाहिए थी। पीएम की अपील से उनकी रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। दरअसल, पीएम मोदी ने लगातार दो दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल



करने की अपील की। हालांकि, इस बीच पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि देश में तेल और गैस की कोई कमी नहीं है। भारत के पास 69 दिन का कच्चे तेल और 45 दिन का स्टॉक है। ज्वेलर्स बोले- रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा महाराष्ट्र स्वर्णकार सराफा महामंडल के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कवाले ने कहा देशभर के ज्वेलर्स में चिंता बढ़ गई है। इतना बड़ा फैसला लेने से पहले ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी काउंसिल और महाराष्ट्र बोर्ड से चर्चा होनी चाहिए थी। सरकार को पहले हमारी राय लेनी चाहिए थी। कवाले ने कहा- अगर कारोबार बंद हुए तो जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या सरकार इन लोगों को रोजगार देगी? ऐसी कोई गारंटी नहीं है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के गुजरात अध्यक्ष नैनेश पच्छीगर ने कहा कि हम देश के साथ हैं और 'नेशन फर्स्ट' में भरोसा रखते हैं। लेकिन ज्वेलरी कारोबार से छोटे और मझोले स्तर के लाखों लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी है। सरकार को फैसला लेते समय इनके रोजगार और आगे पड़ने वाले असर का भी ध्यान रखना चाहिए। नेता और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने पश्चिम एशिया संकट के बीच मोदी की अपील पर कहा कि देश हैरान है। प्रधानमंत्री को अर्थव्यवस्था की स्थिति पर साफ जानकारी देनी चाहिए। राहुल गांधी ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी की अपीलों पर पलटवार किया था।

### केरलम के सीएम का ऐलान 24 घंटे के भीतर

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम के अगले सीएम के नाम की घोषणा अगले 24 घंटे में हो सकती है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. मुरलीधरन ने राहुल गांधी से मिलने के बाद दावा किया कि मंगलवार रात या बुधवार सुबह तक मुख्यमंत्री का नाम सामने आ जाएगा। उन्होंने मंगलवार को सोनिया गांधी के आवास '10 जनपथ' पर राहुल और केरलम कांग्रेस के नेताओं के साथ अगले नाम पर चर्चा की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार शाम को बेंगलुरु से दिल्ली आ रहे हैं। उनके आने के बाद एक और दौर की बातचीत होगी। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम पर आखिरी फैसला होगा। 2026 केरलम विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को ही आ गए थे। कांग्रेस के नेतृत्व वाले छ्स्न गठबंधन को 140 में से 102 सीटें मिली थीं। बंगाल, असम, तमिलनाडु के सीएम तय,, असम और तमिलनाडु में नए सीएम की शपथ हो चुकी है। पुडुचेरी में सीएम रंगासामी बुधवार को शपथ लेंगे।

### पीएम की बचत की अपील, महाराष्ट्र के मंत्री फ्रांस नहीं जाएंगे



**नई दिल्ली/मुंबई।** पीएम नरेंद्र मोदी लगातार दो दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें। विदेशी यात्राओं से बचें। इसे देखते हुए महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आशीष सेलार ने सोमवार को ऐलान किया कि वे इस साल फ्रांस में होने वाले कांस फिल्म फेस्टिवल में शामिल नहीं होंगे। पीएम मोदी ने 10 मई को तेलंगाना के हैदराबाद और फिर 11 मई को गुजरात के वडोदरा में जनसभा को संबोधित करते हुए बचत की बात कही थीं। वडोदरा में मोदी ने कहा कि जैसे देश ने मिलकर कोरोना संकट का सामना किया था, वैसे ही मौजूदा संकट से भी देश बाहर निकल जाएगा। आशीष शेलार ने कहा कि इन चुनौतीपूर्ण समय में राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर रखते हुए विभागीय खर्च में संयम बरतने का फैसला लिया गया है। राज्य के सांस्कृतिक मामलों, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मंत्री ने कहा कि वर्चुअल प्लेटफॉर्म के जरिए मीटिंग की जाएंगी। हालांकि, शेलार ने कहा कि सरकारी तंत्र कांस फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा ले रही मराठी फिल्मों के लिए जरूरी तालमेल जारी रखेगा। मराठी सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए जहां भी ज़रूरी होगा, वे ऑनलाइन हिस्सा लेंगे। जहां संभव हो पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें। देश में रहने वाले भारतीयों से कहूंगा कि कम से कम पांच विदेशी मेहमानों को भारत घुमाने लाइए। सोने के आयात पर भी देश का बहुत बड़ा पैसा विदेश जाता है। जब तक हालात सामान्य न हों हम सोने की खरीद टालें। गोल्ड की जरूरत नहीं है। अगर लोग खाने के तेल का कम उपयोग करें तो इससे देश और शहर दोनों को फायदा होगा।

## उदयनिधि स्टालिन बोले- सनातन धर्म को खत्म किया जाना चाहिए



**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व डिप्टी उदयनिधि स्टालिन ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि सनातन धर्म को खत्म किया जाना चाहिए। यह लोगों को बांटता है। उन्होंने पहले 2023 में भी सनातन को डेंगू, मलेरिया बताया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई थी। उदयनिधि ने विजय के शपथ ग्रहण समारोह का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि तमिलनाडु के पारंपरिक तमिल आह्वान गीत 'तमिल थाई वाझथु' को कार्यक्रम में तीसरे स्थान पर रखा गया, जबकि परंपरा के मुताबिक इसे प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। उदयनिधि ने कहा- हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। तमिलनाडु में किसी भी सरकारी कार्यक्रम में तमिल थाई वाझथु को पहला स्थान मिलना चाहिए। दरअसल 10 मई को विजय के शपथ ग्रहण में सबसे पहले वंदे मातरम बजा। फिर जन गण मन बजा। इसके बाद तमिल राज्य गीत बजाया गया था। 2 सितंबर 2023: उदयनिधि ने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया बताया था उदयनिधि स्टालिन ने 2 सितंबर 2023 को एक कार्यक्रम में सनातन धर्म के खिलाफ बयान दिया था। उदयनिधि ने कहा- सनातन धर्म मच्छर, डेंगू, फीवर, मलेरिया और कोरोना जैसा है, जिनका केवल विरोध नहीं किया जा सकता, बल्कि उन्हें खत्म करना जरूरी होता है। विवाद बढ़ने पर उदयनिधि ने कहा कि मैं हिंदू धर्म नहीं सनातन प्रथा के खिलाफ हूं।

### पहलवान विनेश बोलीं- इन बेशर्मों को क्या फर्क पड़ता है

**गोंडा।** गोंडा में हो रही सीनियर नेशनल ओपन कुश्ती चैंपियनशिप में खेलने पर अड़ीं पहलवान विनेश फोगाट मंगलवार सुबह हरियाणा लौट गईं। उन्होंने आज चैंपियनशिप में कुश्ती लड़ने का ऐलान किया था, लेकिन गोंडा नहीं पहुंचीं। विनेश ने 9 मई को एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए चैंपियनशिप में बैन कर दिया था। इसके बावजूद वह सोमवार को गोंडा के स्टेडियम पहुंची थीं। वहां इधर, पहलवान साक्षी मलिक विनेश फोगाट के समर्थन में उतर आई हैं। उन्होंने पीएम, खेल मंत्री और रेसलिंग फेडरेशन से अपील की कि विनेश का ट्रायल कराया जाए, जिससे वह देश के लिए पदक जीत सकें।

# बंगाल के पूर्व मंत्री सुजीत को ईडी ने गिरफ्तार किया

### नगर निगम में अवैध भर्ती का आरोप; 150 लोगों को नौकरी दिलाई, पैसे-फ्लैट लिए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और सुजीत बोस को कोर्ट ने मंगलवार को 10 दिन की प्रवर्तन निदेशालय की कस्टडी में भेजा है। ईडी ने बोस को नगर निगम भर्ती घोटाले में सोमवार को गिरफ्तार किया था। सुजीत अपने बेटे समुद्र बोस के साथ सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे ईडी ऑफिस पहुंचे थे। उनसे करीब 10 घंटे पूछताछ की गई, फिर रात को गिरफ्तार कर लिया गया था। सुजीत बोस पर 2014-2018 के बीच साउथ दमदम नगर निगम में करीब 150 लोगों की अवैध भर्ती कराने का आरोप है। कहा जाता है कि सुजीत ने इसके बदले पैसे और फ्लैट लिए थे। सुजीत उस वक्त दमदम नगर पालिका के



उपाध्यक्ष थे। बिधाननगर से तीन बार के विधायक रहे सुजीत बोस हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के शरदवत मुखर्जी से 37,000 से अधिक वोटों के अंतर से हार गए थे। सुजीत बोस को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान ईडी के कई नोटिस मिले। जिनमें से एक 6 अप्रैल को मिला था। इसी दिन नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। उन्होंने पहले कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और चुनाव प्रचार में अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए ईडी के सामने पेश होने से छूट मांगी थी। चुनावों के बाद बोस 1 मई को कॉम्प्लेक्स में ईडी अधिकारियों के सामने पेश हुए। 11 दिन बाद दोबारा पेशी में सुजीत को अरेस्ट कर लिया गया। कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देशों पर की तरफ से दर्ज किए जाने के बाद ने 2 जनवरी 2024 और अक्टूबर 2025 में सुजीत बोस के ठिकानों पर छापेमारी की। सुवेंदु सरकार की कैबिनेट के फैसले: नाबन्ना में नवनिर्वाचित सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने मीटिंग के बाद बताया भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए को जमीन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 45 दिन के भीतर यह जमीन गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी। इसके साथ ही केंद्र की सभी योजनाएं भी राज्य में लागू की जाएंगी।

# मध्यप्रदेश और फ्रांस का सहयोग औद्योगिक विकास, नवाचार और वैश्विक निवेश के नए अवसर तैयार करेगा : मंत्री काश्यप

## फ्रांस और भारत के बीच दीर्घकालिक और भरोसेमंद साझेदारी हो रही है लगातार मजबूत : फ्रांस राजदूत मथाउ

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**भोपाल।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि मध्यप्रदेश आज शांति, स्थिरता और औद्योगिक संभावनाओं का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप निवेशक-अनुकूल नीतियां विकसित की हैं, जिससे उद्योगों के लिए भरोसेमंद और सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश के हृदय स्थल पर स्थित होने के कारण भारत के प्रमुख बाजारों तक सहज और संतुलित पहुंच प्रदान करता है, जिससे लॉजिस्टिक्स और सप्लाई नेटवर्क अत्यंत सुगम एवं किफायती बनता है। मंत्री श्री काश्यप ने यह बात कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में इंडो-फ्रेंच कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कही। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि स्पेस टेक्नोलॉजी, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग और उभरते औद्योगिक क्षेत्रों में मध्यप्रदेश तेजी से नई संभावनाएं विकसित कर रहा है। सिंचाई क्षमता में हुए विस्तार से कृषि आधारित उद्योगों और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को विशेष गति मिली है। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि कारोबार सुगमता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने देश में महत्वपूर्ण पहचान बनाई है तथा निवेशकों के लिए पारदर्शी और उद्योग समर्थक वातावरण तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि फ्रांस सहित यूरोपीय देशों के साथ मध्यप्रदेश







की औद्योगिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है और ऐसे आयोजन वैश्विक निवेश, तकनीकी सहयोग और नवाचार को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मध्यप्रदेश और फ्रांस के बीच यह सहयोग आने वाले समय में और अधिक सशक्त होगा तथा यह साझेदारी औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति के नए अवसर तैयार करेगी। फ्रासं और भारत के बीच दीर्घकालिक और भरोसेमंद साझेदारी हो रही है मजबूत : फ्रांस के राजदूत श्री मथाउ भारत में फ्रांस के राजदूत श्री थिएरी मथाउ ने कहा कि इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव भारत और फ्रांस के बीच मजबूत होते आर्थिक एवं रणनीतिक संबंधों का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने अपनी उद्योग अनुकूल नीतियों और निवेश समर्थक वातावरण के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए नई संभावनाएं निर्मित की हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस और भारत के बीच दीर्घकालिक एवं भरोसेमंद साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है तथा दोनों देश आर्थिक सहयोग, नवाचार और तकनीकी विकास के क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में 700 से अधिक फ्रांसीसी कंपनियां कार्यरत हैं, जो रोजगार सृजन, नवाचार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक्स, ऑटोमोबाइल, कृषि, अधोसंरचना, रिटेल, जैव विविधता, शिक्षा और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में फ्रांस की कंपनियां मध्यप्रदेश के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश के साथ फ्रांस के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले समय में शिक्षा, पर्यटन, अकादमिक आदान-प्रदान और संस्कृति के क्षेत्रों में सहयोग और अधिक विस्तारित होगा। त्वरित निर्णय, पारदर्शिता और तेज क्रियान्वयन की कार्य संस्कृति : मुख्य सचिव श्री जैन मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश निवेश आधारित औद्योगिक विकास को गति देने के लिए उच्च संभावनाओं वाले क्षेत्रों पर रणनीतिक रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने बाबई औद्योगिक क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वीकृति मिलने के तुरंत बाद परियोजना पर कार्य प्रारंभ हुआ और अल्प समय में ही पूरे औद्योगिक क्षेत्र का आवंटन कर 11 इकाइयों का भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि वस्त्र उद्योग सहित कई क्षेत्रों में तेजी से निवेश और विस्तार हो रहा है तथा उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए 18 नई क्षेत्रीय नीतियां लागू की गई हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि निवेश प्रक्रियाओं को पूरी तरह सरल और पारदर्शी बनाया गया है।

# गर्मी व तापघात के उपचार के लिए इंदौर में विशेष व्यवस्था

## जिला अस्पताल, सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बनाये गए 14 हीट स्ट्रोक क्लिनिक

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** ग्रीष्म ऋतु में तापमान बढ़ने और गर्म हवा लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती है। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना अत्यधिक गर्मी से प्रभावित होना व तापघात के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं। गर्मी व तापघात से बचाव के लिए खूब पानी पिएं व खाली पेट न रहें, शराब व चाय-कॉफी के अधिक सेवन से बचें, ठण्डे पानी से नहाएं, सर ढके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहने, बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़े,



दिन में 12 से 04 के मध्य बाहर जाने से बचें, धूप में नंगे पाँव न चलें, बहुत अधिक भारी कार्य न करें। नागरिकों से अपील की गई है कि बाहर निकलना आवश्यक हो तो धूप से बचाव के लिए छतरी व धूप के चश्मे का उपयोग करें , धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पीए, बुखार व तापघात होने पर निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। ओआरएस का घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस इत्यादि का सेवन करें। इन सभी का उपाय कर गर्मी के प्रभाव से बचा जा सकता हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जिले के जिला अस्पताल, सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लू एवं तापघात से बचाव के लिए, प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए विशेष कक्ष बनाए गए हैं, जिसमें आवश्यक दवाईयों के साथ-साथ ओ.आर.एस. के पैकेट, कूलर एवं पंखों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इंदौर में जिला अस्पताल, सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कुल 14 'हीट स्ट्रोक क्लिनिक' बनाए गए हैं, इसके अतिरिक्त सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्यमान आरोग्य मंदिरों पर ओ.आर.एस. कोर्नर बनाए गए हैं।

# व्यापारियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर एसपी रविन्द्र वर्मा की अहम बैठक

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**खरगोन।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और पुलिस-व्यापारी समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा ने स्थानीय व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक ली। बैठक में व्यापारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। एसपी वर्मा ने व्यापारियों से दुकानों एवं घरों के बाहर कैमरे लगाने, दुकानों में वार्निंग अलार्म सिस्टम स्थापित करने तथा वाहनों में सिस्टम लगवाने की अपील की। राधावल्लभ मार्केट के व्यापारियों को सामूहिक रूप से सुरक्षा गार्ड एवं चौकीदार नियुक्त करने की सलाह भी दी गई। साथ ही मार्केट बंद होने के बाद सुरक्षा शटर



लगाने और उसकी जिम्मेदारी तय करने पर चर्चा हुई। बैठक में व्यापारियों से दुकानों का सामान सड़क तक न फैलाने और अतिक्रमण से बचने की अपील की गई, ताकि यातायात बाधित न हो और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। पुलिस अधीक्षक ने कड़िया सांसी, पारदी और कंजर जैसे शातिर गिरोहों द्वारा धोखाधड़ी की घटनाओं से सतर्क रहने तथा ग्रामीणों और किसानों को जागरूक करने पर भी जोर दिया। उन्होंने व्यापारियों को अधिक नकदी लेकर आने-जाने से बचने, बैंक से पैसा निकालते या जमा करते समय सतर्कता बरतने तथा नगदी को बाइक या वाहन में असुरक्षित तरीके से न रखने की हिदायत दी। बैठक में मौजूद नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई।

# छोटी बेटमा स्थित बालक क्रीडा परिसर में 200 सीटों पर होगा टेलेन्ट सर्च



संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** शासकीय राजा शंकरशाह रघुनाथशाह विशिष्ट बालक क्रीडा परिसर छोटी बेटमा इन्दौर में खेल विधाओं में जिलांतर्गत बालक क्रीडा परिसर इंदौर मुख्यालय में 200 सीट स्वीकृत की गई है। इसमें एथेलेटिक्स, हैण्डबाल, कुश्ती विधाओं का संचालन किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों के आवेदन एवं चयन प्रक्रिया शारीरिक परीक्षण एवं बैटरी टेस्ट 01 जून 2026 से 15 जून 2026 तक क्रीडा परिसर में होगी। मिनी समूह में 11 वर्ष से 14 वर्ष (कक्षा 6 से 8वीं एवं जूनियर वर्ग के लिये कक्षा 9वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों का टेलेन्ट सर्च के माध्यम से चयन किया जायेगा। जनजातीय कार्य विभाग इन्दौर सहायक आयुक्त ने बताया कि टैलेन्ट सर्च हेतु शास. राजा शंकरशाह रघुनाथशाह विशिष्ट बालक कीडा परिसर छोटी बेटमा इन्दौर के अधीक्षक श्री प्रतापसिंह बर्डे (मोबाईल नंबर-99938-33514) से संपर्क किया जा सकता है।

# पंजीकृत श्रमिकों के लिए संजीवनी बनीं शासकीय योजनाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की गारंटी

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा व्यापक कल्याणकारी कदम उठाए जा रहे हैं। श्रम विभाग और विभिन्न बोर्ड्स के माध्यम से अब श्रमिकों को जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक हर कदम पर आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। इनमें प्रसूति सहायता 16 हजार रुपये, बेटियों के विवाह के लिये अनुदान 49 हजार रुपये और 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क चिकित्सा लाभ (आयुष्मान भारत) शामिल है। इसके अतिरिक्त श्रमिकों के बच्चों को वैश्विक स्तर की शिक्षा देने के लिए 'विदेश अध्ययन योजना' के तहत 40 हज़ार डॉलर तक की




सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही अधिकतम 10 हजार यू. एस. डॉलर प्रतिवर्ष बतौर वार्षिक निर्वाह भत्ता भी प्रदान किया जाता है। राज्?य एवं संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 50 हज़ार रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। श्रमिकों के आवास निर्माण के लिए एक लाख रूपये तक, ई-स्कूटर खरीदी के लिए 40 हजार रूपये तक और औजार अनुदान भी सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जा रहा है। पात्र श्रमिक निर्धारित समय-सीमा के भीतर 'श्रम सेवा पोर्टल' या 'लोक सेवा केंद्र' के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। सुरक्षा और संपूर्ण गारंटी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी इन योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए शासन द्वारा 'श्री अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष जनसंपर्क और आउटरीच अभियान के माध्यम से ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर जागरूकता फैलाई जा रही है, जिससे अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन हो और कोई भी शिक्षा, स्वास्थ्य या पेंशन के लाभ से वंचित न रहे। इसके साथ ही कार्यस्थल पर श्रमिकों विशेषकर महिला श्रमिकों की गरिमा, सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए 'श्रमणा' योजना भी संचालित की जा रही है। योजना में कार्यस्थलों पर पेयजल, विश्राम स्थल, बच्चों की देखभाल (चाइल्डकेयर) और सुरक्षित वातावरण जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे महिला श्रमिकों को एक अनुकूल और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# आउटसोर्स कर्मियों की बेहतर कैरियर प्लानिंग पर ध्यान दें : एमडी सुनील तिवारी

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**इन्दौर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अधिकारियों से कहा है कि आउटसोर्स कर्मियों से उनकी योग्यता के अनुरूप कार्य लिया जाए तथा उनकी बेहतर कैरियर प्लानिंग और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यालय में आयोजित मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने आउटसोर्स कर्मियों से संवाद करते हुए उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एमपी ट्रांसको में कार्य का अनुभव कई कर्मियों के लिए अन्य संस्थाओं में अवसरों का आधार बना है। एमडी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आउटसोर्स कर्मियों को रोटेशन के आधार पर विभिन्न प्रभागों में कार्य का अवसर दिया जाए, ताकि उन्हें विविध कार्य प्रणालियों का अनुभव मिल सके। बैठक में उन्होंने बेहतर कार्य संस्कृति, एआई एवं आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि मुख्यालय में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण समर्पण से कार्य करें, अन्यथा आवश्यकता अनुसार उनका फील्ड में स्थानांतरण किया जा सकता है। बैठक में मुख्य अभियंता(एचआर) धीरेंद्र सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर शिवम वर्मा की पहल पर ग्रामीणों को मिली त्वरित राहत, ग्राम बदरखा में खुलवाया गया रास्ता

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर तहसील हातोद के ग्राम बदरखा में ग्रामीणों की समस्या का त्वरित निराकरण करते हुए बंद रास्ते को खुलवाया गया। ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में रास्ता बंद होने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्रामीणों ने बताया था कि लंबे समय से उपयोग में आने वाला पारंपरिक मार्ग अवरुद्ध होने से किसानों को



खेतों तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहे थे तथा ग्रामीणों में असंतोष की स्थिति बनी हुई थी। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की संवेदनशील पहल और प्रशासन की तत्परता से स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से मौके पर रास्ता खुलवाया गया , जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। रास्ता खुलवाने की यह कार्रवाई एसडीएम हातोद श्री विनोद राठोर के निर्देशन में तहसीलदार श्री गोविंद राठोर ने की। ग्रामीणों ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन एवं जिला प्रशासन की त्वरित पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुशासन और जनसुनवाई व्यवस्था की प्रभावशीलता और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# आबकारी इंदौर की अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार आज नियंत्रण कक्ष प्रभारी श्री देवेश चतुर्वेदी एवं उप प्रभारी श्री मनोज अग्रवाल के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री अशोक खत्री, श्री गोपाल यादव, श्री जहांगीर खान, श्री धर्मेंद्र जोशी, श्री सी.के. साहू, श्री पवन टिकेकर एवं श्री कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में जिला इंदौर के आबकारी स्टाफ द्वारा वृत्त महू 'ब' क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान महू क्षेत्र के भौंडिया तालाब , गवली पलासिया, बंजारी, भाटखेड़ी एवं अन्य स्थानों पर



दबिश दी गई। आज की कार्यवाही में कुल 10 छापों के दौरान 8 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। कार्यवाही के दौरान 210 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 1800 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। महुआ लहान के सैंपल लेकर शेष सामग्री को मौके पर नष्ट किया गया। जप्त मदिरा, महुआ लहान एवं अन्य सामग्री का कुल अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 22 हजार रुपए है। उक्त कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक श्री सुनील मालवीय, सुश्री मीना माल, सुश्री मीरा सिंह, सुश्री त्रिअंबिका शर्मा, सुश्री कृतिका द्विवेदी एवं सुश्री जया मुजाल्दे का सराहनीय योगदान रहा।

# स्वच्छता के प्रति सांसद शंकर लालवानी की ऐतिहासिक पहल, मालवा उत्सव में कचरा प्रबंधन हेतु नगर निगम को दिए 70 हजार रुपये 'स्वच्छता केवल अभियान नहीं, हमारी सामूहिक जिम्मेदारी '- सांसद लालवानी

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में अपनी अलग पहचान बना चुके इंदौर शहर में आयोजित मालवा उत्सव के दौरान शंकर लालवानी ने एक सराहनीय और प्रेरणादायी पहल करते हुए मेले में निकलने वाले कचरे के उचित प्रबंधन हेतु नगर निगम को 70 हजार रुपये का भुगतान किया। कपिल जैन सांसद प्रतिनिधि नगर निगम ने बताया फूड ज़ोन एवं शिल्प मेले से उत्पन्न होने वाले कचरे के उठाव और साफ-सफाई व्यवस्था के लिए 35-35 हजार रुपये की दो अलग-अलग रसीदें नगर निगम से कटवाई गईं। सात दिवसीय मालवा उत्सव में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में नागरिक, परिवार और पर्यटक शामिल हो रहे हैं। दशहरा मैदान में आयोजित इस उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोक कला, हस्तशिल्प और मालवा के पारंपरिक व्यंजनों का विशेष आकर्षण रहा। बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति के बावजूद परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई। नगर निगम की ज़ोन-15 टीम द्वारा पूरे आयोजन स्थल पर नियमित साफ-सफाई की जा रही है तथा मेले के समापन के बाद





रात्रि में विशेष सफाई अभियान चलाकर संपूर्ण कचरे का उठाव किया जाएगा, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मालवा उत्सव इस वर्ष अपने गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है। रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित विशेष समारोह में देश के 25 राज्यों से आए लगभग 250 कलाकारों ने एक साथ मंच पर प्रस्तुति देकर भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता का अद्भुत संदेश दिया। लोक संस्कृति, लोक कला और मालवा की समृद्ध परंपराओं को समर्पित यह आयोजन वर्षों से शहर की सांस्कृतिक पहचान बना हुआ है। सांसद लालवानी ने कहा कि इंदौर की पहचान केवल सांस्कृतिक आयोजनों से नहीं, बल्कि स्वच्छता के प्रति नागरिकों की जागरूकता और जिम्मेदारी से भी है। उन्होंने कहा कि किसी भी आयोजन की सफलता तभी सार्थक मानी जाती है जब आयोजन स्थल स्वच्छ और व्यवस्थित रहे। इसी भावना के साथ नगर निगम को कचरा प्रबंधन हेतु राशि प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जब-जब ऐसे बड़े आयोजन होंगे, नगर निगम को सफाई और कचरा प्रबंधन के लिए सहयोग राशि दी जाएगी। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि सार्वजनिक आयोजनों में स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं और 'मेरा कचरा, मेरी जिम्मेदारी' की भावना को अपनाएं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सांसद लालवानी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम स्वच्छ इंदौर की सोच को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा इस प्रकार की जिम्मेदार पहल समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करती है और नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करती है। मालवा उत्सव में इस बार परिवारों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। लालबाग की तुलना में दशहरा मैदान में अधिक व्यवस्थित और पारिवारिक वातावरण देखने को मिला, जिससे आयोजन को नागरिकों का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ।

# नवागत थाना प्रभारी आराधना रायकवार के नेतृत्व में कांटाफोड़ पुलिस की बड़ी सफलता

## ऑपरेशन हवालात के तहत बलात्कार के आरोपी को महज 2 घंटे में किया गिरफ्तार

संयुक्त लहर, रविन्द्र परमार

**कांटाफोड़।** देवास जिले के थाना कांटाफोड़ में नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक आराधना रायकवार के पदभार संभालते ही पुलिस कार्यप्रणाली में तेजी और सख्ती देखने को मिल रही है। उनके नेतृत्व में कांटाफोड़ पुलिस लगातार आपराधिक मामलों में त्वरित कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने 'ऑपरेशन हवालात' के तहत बलात्कार एवं पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले में आरोपी को महज 2 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा जिलेभर में 1 नवम्बर 2024 से 'ऑपरेशन हवालात' अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत लंबे समय से फरार एवं गंभीर अपराधों में शामिल आरोपियों की त्वरित




गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है। इसी अभियान के तहत थाना कांटाफोड़ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार थाना कांटाफोड़ के अपराध क्रमांक 185/26 में धारा 64(2)(एम), 351(3) बीएनएस एवं 5एल/6, 5जे पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। मामले में नाबालिग पीड़िता ने आरोपी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने एवं शारीरिक संबंध बनाने के आरोप लगाए थे। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती सौम्या जैन एवं एसडीओपी बागली संजय सिंह बेस द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। निर्देश मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक आराधना रायकवार ने पुलिस टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी धर्मेन्द्र पिता सुरेश सिराठिया, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम लोहारदा को महज 2 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नवागत थाना प्रभारी आराधना रायकवार के आने के बाद थाना क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ तेजी से कार्रवाई हो रही है, जिससे आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है और अपराधियों में पुलिस का भय दिखाई देने लगा है।

### सराहनीय भूमिका

निरीक्षक आराधना रायकवार, सउनि सुबेदार सिंह यादव, प्रआर सुनील गोफनिया, प्रआर सुरेश चरपोटा एवं आरक्षक संजय सिंह राजावत की भूमिका इस कार्रवाई में सराहनीय रही।

# खलटाका पुलिस ने जुआ खेलते पाच जुवारीयो को पकड़ा लगभग 6010/- रुपये व 03 मोबाईल फोन कीमती लगभग 30000/- रुपये जप्त




संयुक्त लहर, जितेन्र्द सिंह चौहान

**कसरावद।** खरगोन जिले की बलकवाडा थाना क्षेत्र की खलटाका पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर अवैध जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की चौकी खलटाका थाना बलकवाड़ा पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, कुछ लोग ग्राम खलटाका मे हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी बलकवाड़ा निरीक्षक श्री सागर चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर टीम को मुखबिर की सूचना से अवगत करवाकर मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दि पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर पुलिस टीम ने मौके पर जुआ खेलते 05 आरोपियों को पकड़ा जिनसे उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम (1) संजय पिता मनोहर निवासी खलबुजुर्ग , (2) कृष्णा पिता हरचंद सावले खलटाका (3) राकेश पिता टांटिया खलटाका (4) बादल पिता संजय गोयल खलटाका (5)राकेश पिता बाबूलाल खलबुजुर्ग होना बताया । मौके पर मिले 05 व्यक्तियों के कब्जे से नगदी 6010/- रूपये, 52 ताश पत्ते मिले एवं मौके पर 03 मोबाईल फोन कीमती लगभग 30000/- रुपये के जप्त किए पुलिस ने नियमानुसार विधिवत 00/26 धारा 13 जुआ एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।उक्त में थाना प्रभारी बलकवाड़ा निरीक्षक सागर चौहान के नेतृत्व में उनि मिथुन चौहान चौकी प्रभारी,,स उनि अशोक नैयर ,प्र. आर. अखिलेश भूरिया,आर 364 जीतेन्द्र,, आर 279 राकेश चौहान , आर.पंकज शर्मा, सैनिक 95 राजेंद्र मंडलोई का योगदान रहा।

# मालवा उत्सव की उपलब्धि पर डाक कवर जारी





संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** लोक संस्कृति मंच के मालवा उत्सव के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार ने मालवा उत्सव पर 11 मई को डाक कवर जारी किया। कपिल जैन ने बताया कि इन पच्चीस वर्षों मे लोक संस्कृति मंच ने सांसद शंकर लालवानी के नेतृत्व में मालवा उत्सव के माध्यम से लोक संस्कृति लोक कला व परंपराओं को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने हेतु एक अनूठे एवं विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सांसद शंकर लालवानी महापौर पुष्यमित्र भार्गव पोस्टमास्टर जनरल गौरव श्रीवास्तव प्रवर अधीक्षक डाकघर इंदौर संभाग श्री अजय जी सहायक निदेशक ओम प्रकाश चौहान भी मौजूद थे। इन सब की उपस्थिति में डाक कवर का अनावरण किया गया ।यह एक बार ही जारी होता है यह डाक कवर भारतवर्ष में अनेक म्यूजियम में रखा जाता है साथ ही विदेशों में कल्चरल एक्सचेंज के तहत दिया जाता है और देश में डाक संग्रहण करने वाले भी इसे अपने संग्रहण में रख सकते हैं।

# भारतीय किसान संघ ने सांवेर सीडब्ल्यूसी वेयरहाउस में गेहूं उपार्जन व्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी





संयुक्त लहर, धर्मेंद्र सोलंकी

**सांवेर।** सांवेर भारतीय किसान संघ के संभाग अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने सोमवार को सी डब्ल्यू सी वेयरहाउस सांवेर स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। किसानों द्वारा तुलाई में अनियमितताओं, अव्यवस्थाओं और अधिकारियों की लापरवाही की लगातार शिकायतें मिलने के बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई किसान चार दिनों से इंतजार कर रहे हैं। अपनी उपज की तुलाई के लिए इंतजार करते दिखाई दिए, वहीं केंद्र पर व्यवस्थाएं भी अस्त-व्यस्त पाई गईं। कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने किसानों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए तत्काल नायब तहसीलदार एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को उपार्जन केंद्रों पर किसी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए और तुलाई प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संचालित की जाए। मौके पर कुछ जिम्मेदार अधिकारी एवं समिति कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों एवं समिति कर्मचारियों को तत्काल व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में किसानों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े, इसके लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए। भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन किसानों के हित में बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा। संगठन ने दोहराया किसानों के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध व संघर्षरत रहेगा है।

# राज्य अधिवक्ता परिषद सदस्यों के चुनाव में वरिष्ठ अभिभाषक गोविंद आर्य ने व्हीलचेयर पर आकर मतदान किया



संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**मानपुर।** लोकतंत्र की आधारशिला है अपने मत का उपयोग यह बात देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेईजी ने सार्वजनिक रूप से सभा में कहते थे कि प्रत्येक चुनाव में मतदान अवश्य करें। किसी भी व्यक्ति को या किसी भी पार्टी को वोट दें लेकिन मतदान का उपयोग अवश्य करें। अपने राष्ट्रीय एवं लोकतंत्र को कायम रखना के दायित्व का निर्वहन करें। आज महू में मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता ।परिषद में सदस्यों के चुनाव का मतदान हुआ वरिष्ठ अभिभाषक, भारतीय जनता पार्टी के अति वरिष्ठ नेता,पार्टी के पूर्व संगठन मंत्री,लोकतंत्र सेनानी श्री गोविंद आर्य ने 88 वर्ष की उम्र में व्हीलचेयर पर आकर मतदान करके अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन किया तथा लोकतंत्र की आधारशिला मतदान की भावना का आदर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषक लोकतंत्र सेनानी शेखर बुंदेला,स्वदेशदत्त पांडे, उमेश चौरसिया,दिनेश आर्य सहित अन्य अभिभाषक उपस्थित रहे।


# 12 मई आज अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर विशेष सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की मिसाल – मोनिका राठौर

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

आज पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मना रहा है। यह दिन उन सभी नर्सों को समर्पित है, जो दिन-रात मानव सेवा में अपना जीवन लगा देती हैं। इन्हीं समर्पित चेहरों में एक नाम है – मोनिका राठौर, जो एम.वाय. अस्पताल, इंदौर के शिशु रोग विभाग (पीडियाट्रिक यूनिट) में स्टाफ नर्स के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। नर्सिंग का कार्य जितना सम्मानजनक है, उतना ही कठिन और जिम्मेदारी भरा भी। लगातार बदलती ड्यूटी, रातों की अधूरी



नींद, 12-12 घंटे की लंबी शिफ्ट और हर परिस्थिति में मरीजों की देखभाल करना आसान नहीं होता। कई बार मरीजों को दवाइयों से ज्यादा एक भरोसे, मार्गदर्शन और भावनात्मक सहारे की जरूरत होती है, और वहां एक नर्स ही सबसे मजबूत सहारा बनती है। मोनिका राठौर कई वर्षों से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस सेवा क्षेत्र में कार्यरत हैं। शिशु रोग विभाग में कार्य करते हुए उन्होंने अनेक बच्चों और मरीजों की सेवा की है। बच्चों के साथ कार्य करते-करते भावनात्मक जुड़ाव होना स्वाभाविक है, लेकिन हर परिस्थिति में स्वयं को मजबूत रखते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना ही एक सच्ची नर्स की पहचान होती है। एक नर्स होने के साथ-साथ मोनिका अपने परिवार की बड़ी बेटी भी हैं। वे जिस जिम्मेदारी और संतुलन के साथ अपनी कठिन ड्यूटी के साथ-साथ परिवार की जिम्मेदारियों को निभा रही हैं, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। अस्पताल की व्यस्त दिनचर्या के बाद भी परिवार के प्रति उनका समर्पण यह दर्शाता है कि सेवा भावना केवल पेशे तक सीमित नहीं होती, बल्कि जीवन के हर रिश्ते में दिखाई देती है। आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। स्वास्थ्य सेवा जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में मोनिका राठौर जैसी बेटियां न केवल अपने परिवार का गौरव बढ़ा रही हैं, बल्कि देश और समाज के लिए भी प्रेरणा बन रही हैं। उनका समर्पण यह साबित करता है कि भारत की बेटियां आज हर जिम्मेदारी को पूरी शक्ति और आत्मविश्वास के साथ निभा रही हैं। मोनिका केवल अस्पताल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती हैं। वे 'इंदौर सोशल वेलफेयर फाउंडेशन एसोसिएशन' की सदस्य हैं और समय-समय पर स्लम क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद लोगों की सहायता भी करती हैं। उनकी सेवा भावना यह साबित करती है कि सच्ची मानवता केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्मों में दिखाई देती है। आज अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर हम मोनिका सहित देश की सभी नर्सों को हृदय से नमन करते हैं। आपका समर्पण, त्याग और सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणा है। 'नर्स केवल मरीजों का उपचार नहीं करतीं, बल्कि उन्हें जीने का साहस और उम्मीद भी देती हैं।



# मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन 2026 हेतु देपालपुर न्यायालय परिसर में शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ मतदान

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**देपालपुर (इंदौर)।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026 के अंतर्गत देपालपुर न्यायालय परिसर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 85 पर मंगलवार को मतदान प्रक्रिया अत्यंत शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार के प्रति विशेष जागरूकता और उत्साह का परिचय देते हुए बड़ी संख्या में मतदान किया। मतदान प्रक्रिया प्रातः 10 बजे प्रारंभ होकर सायं 5बजे तक चली। संपूर्ण निर्वाचन कार्यवाही चुनाव अधिकारी/जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में विधिवत संपन्न कराई गई। मतदान केंद्रों पर कुल 114 पंजीकृत मतदाताओं में से 103 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार लगभग 90 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो अधिवक्ता समुदाय की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति गहरी आस्था और सक्रिय सहभागिता का परिचायक है। महिला अधिवक्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान कर अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज कराई। मतदाता अपने वैध परिचय-पत्र के साथ मतदान केंद्र पहुंचे और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान किया। निर्वाचन वर्ष



2026 में राज्य अधिवक्ता परिषद के लिए कुल 122 प्रत्याशी मैदान में हैं। प्रत्येक मतदाता को 23 प्रत्याशियों के पक्ष में वरीयता क्रम के अनुसार मत अंकित करने का अधिकार प्रदान किया गया। जिला न्यायाधीश श्री हिदायत उल्ला खान के निर्देशानुसार मतदान केंद्र पर सुव्यवस्थित मतदान प्रकोष्ठ तैयार किए गए थे। भीषण गर्मी को देखते हुए कूलर एवं पंखों की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। परिसर में ठंडे आर ओ पेयजल तथा बैठने की पर्याप्त व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी एवं स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु चिकित्सकीय दल सीएचओ पियूष नागदवने, डॉ विजय गेहलोत, सुश्री कुमुद मिश्रा, मेहरबानसिंह, श्रीमति कौतिका सिवने, कपिल तिवारी, मोहम्मद फारूक और सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल में प्रधान आरक्षक राधेश्याम एवं आरक्षक अमित राजपूत की भी तैनाती की गई थी। इस संवेदनशील व्यवस्था ने चुनाव अधिकारी श्री खान की सतर्कता और मतदाताओं की सुविधा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। पूरे मतदान के दौरान अनुशासन, पारदर्शिता और शुचिता का विशेष ध्यान रखा गया। अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान कर निर्वाचन प्रक्रिया को गरिमामय बनाया। निर्वाचन अधिकारी/जिला न्यायाधीश श्री हिदायत उल्ला खान ने मतदान में सहयोग देने वाले न्यायालयीन कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, स्वास्थ्य दल एवं पुलिस बल सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी लोकतांत्रिक मूल्यों में उनके विश्वास का सशक्त प्रमाण है। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026 का यह मतदान न केवल सुव्यवस्थित प्रशासनिक प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण रहा, बल्कि अधिवक्ता समुदाय की जागरूकता, एकजुटता और लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का प्रेरक प्रतीक भी सिद्ध हुआ।

# सांसद सावित्री ठाकुर जी के प्रयासों से धार महू लोकसभा क्षेत्र को मिली 142 करोड़ 65 लाख रुपए की बड़ी सौगात

### लोकसभा क्षेत्र के 36 हाई स्कूलों में होंगे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य, जनजातीय क्षेत्र के बच्चों को मिल सकेंगी बेहतर सुविधाएं

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**धार।** धार महू लोकसभा क्षेत्र में शिक्षा और आधारभूत विकास को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। माननीय सांसद एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के सतत प्रयासों से लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विकास कार्यों हेतु 142 करोड़ 65 लाख 36 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि मध्य प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के माननीय कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा जारी की गई है। लोकसभा क्षेत्र में स्वीकृत राशि के



अंतर्गत धार विधानसभा के 7, गंधवानी विधानसभा के 6, सरदारपुर विधानसभा के 6, कुक्षी विधानसभा के 9 तथा मनावर विधानसभा के 8 हाई स्कूलों में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य किए जाएंगे। इन विद्यालयों में भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, प्रयोगशालाएं, छात्र-छात्राओं हेतु आवश्यक सुविधाएं तथा अन्य आधारभूत विकास कार्य संपादित किए जाएंगे, जिससे आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा। माननीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर जी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जी की सोच है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे और शिक्षा के माध्यम से हर वर्ग को सशक्त बनाया जाए। इसी संकल्प के साथ आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, अधोसंरचना एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। श्रीमती सावित्री ठाकुर जी ने मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास, शिक्षा के विस्तार तथा ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। माननीया श्रीमती सावित्री ठाकुर जी ने जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह जी के प्रति विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके सहयोग एवं सकारात्मक पहल से लोकसभा क्षेत्र को यह बड़ी सौगात प्राप्त हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतर वातावरण मिलेगा तथा आदिवासी अंचलों में शिक्षा और विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

# नाईबरोदा में 22 मई से 28 मई तक श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा कथा आयोजित

### कथा का रसपान श्रद्धालु प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य ओम प्रकाश शर्मा के श्रीमुख से करेंगे

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**मानपुर।** ग्राम नाईबरोदा में रामरतन धायल,लेखराज धायल,व नारायण धायल परिवार द्वारा 22 मई से 28 मई तक धायल कृषि फार्म पर श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा कथा आयोजित की गई है ।प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य ओमप्रकाश शर्मा मानपुर अपने मुखारबिंद से करेंगे। कथा का समय प्रतिदिन 12 बजे से 4 बजे तक का रहेगा। 21 मई गुरुवार को राम मंदिर नाईबरोदा से सुबह साढ़े दस बजे कथा स्थल धायल कृषि फार्म तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। गीता पाठ व ब्राह्मण भोजन भंडारा 28 मई को शाम 5 बजे से प्रारम्भ होगा ।आयोजको



ने श्रद्धालुओ से कथा को सफल बनाने की अपील की है।

# वायरल वीडियो का बड़ा असर, बलवाड़ा टीआई निलंबित, दो आरक्षक लाइन अटैच

### 'चेकिंग के नाम पर वसूली' के आरोपों ने मचाया हड़कंप, एसपी की ताबड़तोड़ कार्रवाई




संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**खरगोन।** जिले के बलवाड़ा थाना क्षेत्र में कथित पुलिसिया अभद्रता और अवैध वसूली से जुड़े वायरल वीडियो ने आखिरकार बड़ा प्रशासनिक असर दिखा दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल होने और आमजन में बढ़ते आक्रोश के बाद पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई की है। सूत्रों के अनुसार पूरे घटनाक्रम में प्रथम दृष्टया पुलिस की कार्यप्रणाली संदिग्ध पाए जाने



पर बलवाड़ा थाना प्रभारी अनिल बामनिया को निलंबित कर दिया गया है। वहीं दंपति से कथित अभद्रता और प्रताड़ना के आरोपों में आरक्षक योगेश एवं शुभम को लाइन अटैच किया गया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने पुलिस कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। आमजन का कहना है कि यदि चेकिंग के नाम पर नागरिकों के साथ दबाव और दुर्व्यवहार होगा तो पुलिस व्यवस्था पर भरोसा कमजोर होगा।

## युवा सेन समाज के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष स्वर्गीय संजय परमार की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई



**आलोट।** अखिल भारतीय युवा सेन समाज संगठन ब्लॉक आलोट के संस्थापक एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एव जिला महामंत्री आदरणीय स्वर्गीय श्री संजय सेन परमार विक्रमगढ़ को तृतीय पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय संगठन ने गोवर्धन गोशाला आलोट पर गायों को चारा व पशु आहार खिलाकर परमार की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजली दी इस अवसर पर नागेश्वर सेन ,बंटी सेन ,शिवकुमार सेन, चंद्रशेखर सेन ,राजेंद्र सेन ,महेश सेन, विक्रम सेन, दीपक सेन ,जगदीश सेन ,राकेश सेन, आदि समाज जनों की उपस्थिति मे श्रद्धांजलि अर्पित कर संजय परमार को याद किया।

# वन विभाग की बड़ी कार्यवाही, गेहूं में छिपाकर रखी लाखों की वन उपज जप्त

संयुक्त लहर, रविन्द्र परमार

**सतवास।** देवास जिले के नगर सतवास में मंगलवार सुबह हलचल मच गई जब वन विभाग की टीम एक गल्ला व्यापारी मुकेश ट्रेड्स रामभरोस पिता शिवराम राठौर के (पुनर्वास)गोडाउन और घर से गेहूं में दबे बड़ी मात्रा में वन उपज का संग्रहण पाया गया! वन उपज में धावड़े का 8 क्विंटल गोंद, अचार की गुठली 70 से 80 क्विंटल एवं महुआ फूल बड़ी मात्रा में पाया गया! बाजार में कीमत लगभग लाखों रुपए की है! कार्यवाही लगभग 4 से 5 घंटे चली !जब इस विषय में पूछताछ की तो व्यापारी के पास किसी भी प्रकार के कोई संग्रहण संबंधित दस्तावेज नही मिले! फिलहाल कार्यवाही जारी है! वन विभाग के अधिकारियों द्वारा गोडाउन को सील कर दिया गया एवं संग्रहण



संबंधित दस्तावेज के लिए जो समय मांगा था वह दिया गया है! इधर मामले में वन विभाग कन्नौद एसडीओ कहना कि देवास डिवीजन में धावडे का गोंद प्रतिबंधित है! और यह ग्राम जैविक समिति के माध्यम से संग्रहण कर लाइसेंस वाले व्यापारियों को बेचा जाता है जिसमें रसीद होना आवश्यक है और उसका समिति को लाभांश



भी दिया जाता है! फिलहाल किसी भी प्रकार की भी कोई दस्तावेज नही मिले हैं कार्यवाही के दौरान प्रमुख भूमिका दिनेश वास्कले ( एसडीओ कन्नौद ) रविकांत जैन (रेंजर ऑफिसर सतवास )सुभाष कोलते (डिप्टी रेंजर सतवास) जय सिंह बघेल ( परी.सहायक),वनरक्षक गोविंद तिवारी संदीप बैरागी, किरण बघेल समस्त स्टाफ सम्मिलित रहा।

# सांवेर मे रीना बौरासी सेतिया के समर्थको ने पुतला दहन किया

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**सांवेर।** नगर में चिंतामण मालवीय के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। गत दिवस महिलाओं द्वारा लगाए गए आरोपों के मामले में रीना बौरासी सेतिया ने महिलाओं को न्याय दिलाने की मांग को लेकर राज्यपाल से शिकायत की थी। इसके बाद विधायक मालवीय द्वारा रीना बौरासी सेतिया पर मानहानि का दावा दायर किए जाने के विरोध में सांवेर में उनके समर्थकों ने पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें वरिष्ठ पूर्व पार्षद चंद्रेश राय कानूनगो, जनपद सदस्य पवन पटवारी, जनपद सदस्य राजेश चौहान, जनपद




सदस्य मोहन मुकाती, पूर्व जनपद सदस्य केदार पटेल, सेवादल जिला अध्यक्ष राजा बडलीवाल, पिछड़ा वर्ग ब्लॉक अध्यक्ष जीतू कुमावत राजोदा, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष मोहित भाटिया, प्यारे मियां नेता, पिछड़ा वर्ग नगर अध्यक्ष ओम पांचाल, वार्ड अध्यक्ष राजेश शर्मा, संतोष जैन, कमलेश कटारिया सहित कांग्रेस परिवार के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इन्दौर नगर निगम कमिश्नर महोदय द्वारा सम्मानित



जनगणना 2026-27 मकान सूची करण का कार्य समय अवधि से पूर्व पूर्ण करने पर नितेश वर्मा को इन्दौर नगर निगम कमिश्नर महोदय द्वारा सम्मानित किया गया नितेश वर्मा कड़ी धूम में मेहनत कर समय से पूर्व ही जनगणना का कार्य पूरा किया जिससे सभी शासकीय अधिकारी नितेश वर्मा के कार्य को जिम्मेदारी से निभाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# इन्दौर में स्वच्छता को लेकर खास इंतजाम साथ ही रंगाई पुताई के का काम जोरो शोरो पर देखा गया





संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** स्वच्छता का गुरु कहे जाने वाले इन्दौर शहर में तैयारी जोरो शोरो पर चल रही है जगह जगह रंगाई पुताई के साथ साफ सफाई करते हुए सवाई मित्रों को देखा गया कई जगह शहर में पुताई हो रही है तो दूसरी तरह सफाई का और भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है शहर वाशियो में खासा जोश देखा जा रहा




है स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर और लोग उम्मीद के साथ विश्वास जाता रहे है कि इन्दौर नवी बार नंबर वन आयेगा।

# एक था टाइगर' लिखने वाले नीलेश मिश्रा का इंटरव्यू कूद के जरिए मैं एक्टिंग के किंडरगार्टन में आया




सच कहूं तो मैंने कभी खुद को अभिनेता के तौर पर देखा ही नहीं था। कॉलेज के दिनों में एक नाटक लिखा था। उसमें मुख्य भूमिका एक दोस्त को करनी थी, लेकिन आखिरी वक्त पर उसने मना कर दिया। तब मजबूरी में मुझे खुद मंच पर उतरा। उसके बाद जीवन रेडियो, लेखन और कहानियों में आगे बढ़ गया। फिर एक बार विशाल भारद्वाज ने एक मुलाकात में कहा कि अभिनय में 60 प्रतिशत हिस्सा आवाज का होता है। अब जब 'कूद' के जरिए कैमरे के सामने आया हूं तो लगता है कि मैं अभी एक्टिंग के किंडरगार्टन में हूं। 'अपनी मर्जी की मौत' का अधिकार एक बहुत ही जटिल और दार्शनिक बहस है। जब कोई व्यक्ति किसी रिश्ते में होता है, तो सामने वाला उसमें अपनी संवेदनाएं और जीवन का हिस्सा निवेश करता है। मेरा मानना है कि हमें अपनी मर्जी की मौत के बजाय अपनी मर्जी की जिंदगी की तलाश करनी चाहिए। 'महारानी' सीरीज का प्रस्ताव आया तो मैं लखनऊ से मुंबई गया, लेकिन मेरी एक शर्त थी कि स्क्रीन पर गाली-गलौज नहीं करूंगा। वर्कशॉप के पहले दिन ही एहसास हुआ कि ओटीटी कंटेंट की मांग मेरी 'लक्ष्मण रेखा' के बाहर हैं तो मैंने उसी शाम मुकेश छाबड़ा से मुक्त करने की विनती कर दी थी। मेरी परवरिश, संवेदनाएं और भाषा अलग है। मेरा मानना है कि शालीनता भी उतनी ही प्रभावशाली होती है। संवाद की ताकत सिर्फ गाली में नहीं, भाव में भी होती है। अगर मैं अपने मन के खिलाफ जाकर कुछ करूंगा तो वह ईमानदार अभिनय नहीं रह जाएगा। मेरी सबसे बड़ी ताकत है- 'किसी चीज के बारे में पहले से न जानना'। जब मैंने रेडियो पर कहानियां सुनाना शुरू किया, मुझे नहीं पता था कि यह कैसे होता है। जब 'गांव कनेक्शन' शुरू किया, तो मुझे बिजनेस की जानकारी नहीं थी। यह मेरे लिए एक बिजनेस नहीं, बल्कि 'मिशन' था। बस मुझे यह पता था कि गांवों की आवाज को मंच देना है। मैंने अपनी सारी जमा-पूंजी, अपना घर, सब कुछ उसमें लगा दिया। जब कैमरा के सामने इंटरव्यू लेना शुरू किया था तो मुझे कैमरा एंगल्स का ज्ञान नहीं था। चूंकि मुझे पता नहीं था कि यह कैसे किया जाता है, इसलिए मैंने इसे अपने तरीके से किया। यही अनभिज्ञता ही मुझे नए प्रयोग करने की आजादी देती है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण आयुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा, समय सीमा में शेष कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश





संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**देवास।** 12 मई 2026, स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आयुक्त दलीप कुमार ने मंगलवार को निगम कार्यालय में स्वच्छता अमले की समीक्षा बैठक लेकर झोन और वार्डवार किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्तों, उपयंत्रियों, स्वच्छता निरीक्षकों एवं दरोगाओं ने अपने-अपने झोन व वार्ड में सर्वेक्षण के मानक स्तर पर किए गए कार्यों की जानकारी दी साथ ही बचे हुए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी वार्डों में नालों व नालियों की सफाई पर फोकस करें। वार्डों में पड़े सीएनडी वेस्ट को हटवाये जाने हेतु कहा। बैकलेन और सार्वजनिक मूत्रालयों की प्रतिदिन सफाई कर मूत्रालयों की दीवारों पर स्वच्छता संबंधी स्लोगन लिखें। आयुक्त ने कहा कि जिन स्थानों पर गाजर घास उगी है उसे हटाया जाए। सभी उद्यानों में पौधों की छंटाई कर कम्पोस्ट पीट का उपयोग किया जाए। वार्डों में पेड़-पौधों से निकलने वाले कचरे का उचित निपटान भी सुनिश्चित किया जाए। आयुक्त ने सभी उपयंत्री, स्वच्छता निरीक्षकों एवं दरोगाओं को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार शेष कार्य दी गई समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए ओर कहा कि आगामी साप्ताहिक बैठक में दिए गए निर्देशों की वार्ड वाईज सम्पूर्ण कराए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु कहा। उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह भी आयुक्त ने स्वच्छता अमले को सर्वेक्षण के मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए थे। उन कार्यो की समीक्षा आयुक्त ने की।

# नर्मदा जी के तट पर बसे धरमपुरी सहीत आसपास के क्षेत्र में धड़ल्ले से परोसी जा रही है अवैध रूप से शराब

धरमपुरी पुलिस ओर आबकारी कुंभ करण की निंद में




संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**खलघाट।** धार जिले की धरमपुरी थाना क्षेत्र में मां नर्मदा जी के तट पर बसें नगर धरमपुरी पिपल्दा गढी लुन्हैरा खुर्द निमोला सहीत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिबंध के बावजूद भी सुन्दैल शराब दुकान से तरफा अवैध शराब खुले आम परोसी जा रही है रही बडे पैमाने पर फल फुल रहे अवैध शराब के कारोबार को देखते हुए एसा लग रहा है की आबकारी विभाग एव पुलीस प्रशासन या तो सफेद लिफाफो में कैद हो गए हैं या फिर सत्ता का चल गया जादु जिसकी वजह से धरमपुरी सहीत आसपास के क्षेत्र में में चाय दुकानो से अधीक होटल ढाबों चाय पान एवं किराना दुकानों से अवैध रूप से लाखो रुपए रोज की शराब बेची जा रही है इसी के साथ ही खुले आम ठेकेदार के आदमी बिना नम्बरो वाले वाहनों से क्षेत्र में शराब सफलाय कर रहे हैं ओर एसा भी नहीं है की पुलिस आबकारी कार्रवाई नहीं करती कार्रवाई तो करती लेकिन गहरे घाव पर मामुली सा मल्हम लगाने के समान जैसे ऊंट के मुंह में जिरा इसी तरह धरमपुरी क्षेत्र में कर्तव्यों का निर्वाह किया जा रहा है शराब का सफलाय भी वह लोग करवा रहे हैं जो पुर्व में अपने आप को एक जिम्मेदार नागरिक जनप्रतिनिधि होने का दावा करते हुए धामनोद धरमपुरी थाने पर अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए पुलिस को ज्ञापन सौंपा था ओर आज जिम्मेदार नागरिक जनप्रतिनिधि होने की आड़ में धरमपुरी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से शराब के कारोबार में लिप्त है अब देखना यह है कि खबर प्रकाशन के बाद आबकारी विभाग एवं पुलिस धरमपुरी क्षेत्र में ठोस कार्रवाई कर अवैध शराब के विक्रय पर लगाम लगाती हैं या नहीं।

# विजय की सीएम शपथ में मौजूद तृषा पर भड़कीं सिंगर : कहा- बिना तलाक साथ घूम रहे हैं



थलापति विजय से नाम जुड़ने से सुर्खियों में बनीं हुई तृषा कृष्णन पर साउथ सिंगर ने निशाना साधा है। उन्होंने तृषा की विजय की सीएम पथ के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूदगी की कड़ी आलोचना की और सिंगर सुचित्रा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से तृषा कृष्णन की निंदा करते हुए कई पोस्ट शेयर की हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में तृषा को पैरासाइट तक कहा है। शपथ ग्रहण समारोह से तृषा की तस्वीर शेयर कर सुचित्रा ने कहा, ये इस समय की सबसे निराशाजनक सेलिब्रिटी है। इसके बाद सुचित्रा ने एक और वीडियो री-पोस्ट की, जिसमें विजय की मां शोबा, तृषा को गले लगा रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, शोभा, तृषा को गले लगा रही है ये कैसा परिवार है। अगली स्टोरी में उन्होंने लिखा, 'बिना सही तरीके से तलाक लिए वह तृषा के साथ घूम रहे हैं। संगीता ने केस दर्ज किया है और उन पर एक अभिनेत्री के साथ अफेयर होने का आरोप है। वह अपने फॉलोअर्स के सामने गलत उदाहरण पेश कर रहे हैं। उनकी महिला फैंस भी आंख बंद करके उनकी हरकतों का समर्थन कर रही हैं और अप्रत्यक्ष रूप से एक गलत रिश्ते को बढ़ावा दे रही हैं। जरा सोचिए, इस समय उनकी पत्नी और बच्चों की मानसिक हालत कैसी होगी।' इसके अलावा फर्स्टपोस्ट को दिए इंटरव्यू में सुचित्रा ने कहा है, 'मुझे तृषा बिल्कुल पसंद नहीं है। मैं यह बात बिना किसी पक्षपात के कह रही हूं। मुझे विजय बहुत पसंद हैं और मैं ईमानदारी से अपनी राय दे रही हूं।' कोई इंसान बहुत सफल हो जाता है और अकेला पड़ जाता है, तो पैरासाइट उनकी जिंदगी में आ जाते हैं। विजय ने अपने माता-पिता और पत्नी से दूरी बना ली है, इसलिए वह अकेले हो गए हैं। उन्होंने अभी तक खुद के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा। इसी बीच वह राजनीति में भी आ गए। मेरे हिसाब से राजनीति में आगे बढ़ने के लिए उन्हें अपने पिता चंद्रशेखर की सलाह और साथ की जरूरत है। उनके बिना राजनीति में सफलता पाना मुश्किल होगा।' बता दें कि थलापति विजय ने 10 मई को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। इस समारोह में विजय के माता-पिता समेत उनकी कथित गर्लफ्रेंड तृषा कृष्णन भी मौजूद रहीं। समारोह से तृषा की तस्वीरें और वीडियोज काफी चर्चा में रहीं। थलापति विजय की पत्नी संगीता सोर्नालिंगम ने फरवरी 2026 में तलाक की याचिका दायर कर दावा किया है कि विजय का 2021 से एक एक्ट्रेस से अफेयर है। बारा-बार रिश्ता खत्म करने का आश्वासन देने के बावजूद विजय ने रिश्ता जारी रखा, जिसके बाद संगीता ने तलाक की मांग की।

# शहर में स्थापित 'आरआरआर 'केंद्रों का निगम कर रहा है संचालन






संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**देवास।** निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में शहर में आरआरआर केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केंद्रों के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को कपड़े और खिलौने निःशुल्क वितरित किए जाते हैं। आम नागरिक अपनी स्वेच्छा से यहां कपड़ों का दान कर सकते हैं। साईं मंदिर आश्रय स्थल, साईं मंदिर के पास प्रमुख केंद्र यहाँ आरआरआर केंद्र सक्रिय रूप से काम कर रहा है आरआरआर रिड्यूस, रीयूज, (रिसायकल) केंद्रों का संचालन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। इन केंद्रों पर प्रमुख रूप से नागरिकों से पुरानी किताबें, कपड़े, जूते, खिलौने और प्लास्टिक की वस्तुओं को एकत्रित कर उनका पुनः उपयोग किया जाता है। निगम प्र.कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती के द्वारा आरआरआर केंद्र का भ्रमण किया एवं अवलोकन के दौरान तैयारियों का जायजा लिया। इनोवेटिव पब्लिक स्कूल और महाकाल कॉलोनी स्कूल में आरआरआर सेंटर का शुभारंभ किया गया है। जहां स्कूली बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। निगम की सहयोगी संस्था जरूरतमंदों तक सामान पहुँचाने में सहयोग करती है। आरआरआर टीम द्वारा नागरिकों से घर-घर जाकर पुरानी वस्तुएं एकत्र करने के लिए कलेक्शन वैन की व्यवस्था भी की गई है। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य कचरे को कम करना पुरानी वस्तुओं का पुनः उपयोग को बढ़ावा देना और शहर को साफ एवं स्वच्छ, सुन्दर बनाना है।

# कलेक्टर शिवम वर्मा ने संवेदनशील होकर आमजन की समस्याएं सुनकर किया त्वरित निराकरण

## जनसुनवाई में मिली किसी को शिक्षा तो किसी को चिकित्सा सहायता, कलेक्टर शिवम वर्मा ने बढ़ाया मदद का हाथ

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि







**इंदौर।** इंदौर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई एक बार फिर आमजन के लिए राहत का सशक्त माध्यम बनी। जनसुनवाई में पहुंचे विभिन्न आवेदकों की समस्याओं को कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने गंभीरता से सुना तथा संबंधित मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए सहायता उपलब्ध कराई। प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली से लाभान्वित हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने जनसुनवाई में पहुंचे राऊ निवासी प्रतिभावान विद्यार्थी यश कालमे को साईकल प्रदान की। यश ने बताया कि वह बीजलपुर के शासकीय विद्यालय में अध्ययन करता है तथा उसका निवास राऊ है। घर से विद्यालय की दूरी लगभग 8 किलोमीटर होने के कारण मुझे प्रतिदिन आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, अपनी समस्या को जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने तुरंत ही उसकी स्थिति को समझते हुए तत्काल साइकिल प्रदान करने के निर्देश दिए। आज ही साइकिल प्राप्त होने पर विद्यार्थी यश कालमे की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने इस मदद के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कलेक्टर श्री शिवम वर्मा का आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में एक अन्य प्रकरण में श्रीमती सुजाता मकवाना अपनी अंकसूची प्राप्त करने में आ रही समस्या को लेकर जनसुनवाई में पहुंचीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में कक्षा 10वीं की परीक्षा देने के बाद अंतिम फीस की किश्त जमा नहीं कर पाने के कारण उन्हें अंकसूची नहीं मिल सकी।






बाद में विवाह हो जाने के कारण भी वह इस प्रक्रिया को पूरा नहीं कर पाई। जनसुनवाई में प्रकरण सामने आने पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्हें 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के भी निर्देश दिए। श्रीमती सुजाता मकवाना ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार जनसुनवाई में पहुंचे श्री ललित मालवीय ने बताया कि एक दुर्घटना में घायल होने के बाद उनके शरीर का निचला हिस्सा पूरी तरह काम करना बंद कर चुका है। मेरी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उपचार कराने में कठिनाई आ रही है। जनसुनवाई में अपनी समस्या रखने पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा उनके उपचार के लिए विशेष आधुनिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। यह सहायता मिलने पर श्री ललित मालवीय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। एक अन्य प्रकरण में श्रीमती सुधा शिंदे अपनी स्वर्गीय माताजी छोटी बाई शिंदे की पेंशन संबंधी समस्या लेकर जनसुनवाई में पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनकी माताजी पूर्व निगमकर्मी थीं, लेकिन पेंशन प्रक्रिया लंबित होने के कारण परिवार को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मामले को सुनने के बाद कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने तत्काल सहायता स्वरूप 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए और पेंशन प्रकरण के निराकरण के भी आदेश दिए। श्रीमती सुधा शिंदे ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आमजन से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कई आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मुख्य रूप में प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता और रोजगार से जुड़े प्रकरण रहे। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारियों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य ने भी जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुना और उनका निराकरण किया।

## सम्पादकीय

### क्या बच्चों में उग्रता रोकने के लिए हमें सजा को शुगरकोट करना चाहिए

हम सभी ने बचपन में जरूर सुना होगा कि 'बेंच पर खड़े हो जाओ।' यह आम सजा थी। इससे थोड़ी सख्त थी, 'क्लास के बाहर खड़े रहो।' खासकर, जब हम उस पीरियड के टीचर को ज्यादा परेशान करते थे। दूसरी सजा में बदतर तब होता, जब आप क्लास के बाहर खड़े हों और प्रिंसिपल राउंड पर आ जाएं। जब मुझे ऐसी सजा मिली तो दो बार टॉयलेट में छिपना पड़ा। तीसरी और सबसे बुरी सजा, जिससे मैं हमेशा डरता था, यह थी कि 'क्लास के बाद प्रिंसिपल रूम में मिलना।'मैं ऐसी सजा कभी नहीं चाहता था, क्योंकि प्रिंसिपल मेरे पिताजी को जानते थे और उनकी टेबल पर फोन रहता था। वे हमेशा पिताजी के ऑफिस में फोन करने की धमकी देते। उस दिन घर लौटने पर मैं सजा के बारे में बात नहीं करता और ओवरएक्टिंग करता था। इससे मां के सामने भांडा फूट जाता और आखिरकार वे पूछ ही लेती थीं कि 'क्या आज क्लास में कोई सजा मिली?' कभी मैं मना कर देता, जिसे वे नजरअंदाज कर देतीं और कभी मान लेता, लेकिन उनसे वादा लेता कि वे पिताजी को नहीं बताएंगी। धीरे-धीरे ये सजाएं बदलकर 'अ नोट टु पैरेंट्स' तक पहुंचीं। इसमें छात्र को पैरेंट्स के सिग्नेचर करवाने होते थे, या लिखा होता था कि 'कल पिताजी को साथ लाना।' मेरी बेटी के स्कूल से पासआउट होने तक मैंने यह सब देखा।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश, विश्व स्तरीय सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा में कोई कमी नही रहें

## घाटों को जोड़ने वाले प्रस्तावित मार्गों में ऐसी व्यवस्था करें कि भीड़ नियंत्रण भी किया जा सके-संभागायुक्त सिंह

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 महापर्व के लिए निर्माणाधीन विकास कार्यों के पूरा करने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अलौकिक विश्व स्तरीय सिंहस्थ महापर्व के तहत निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट कहा है कि सिंहस्थ के दौरान आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सुविधा उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रहे। प्रशासनिक अमला अब सिंहस्थ के कार्यों में तेजी से जुट गया है। घाट से जोड़ने वाले प्रस्तावित एप्रोच रोड़ के स्थान चिन्हित करने के चौथे दिन मंगलवार को भी प्रशासनिक अधिकारियों ने खेत की मेड़ से उबड़-खाबड़ रास्तों पर पैदल भ्रमण करते हुए 6 किलोमीटर क्षेत्र में निरीक्षण कर 25 स्थान चिन्हित किए। चार दिनों में 21 किलोमीटर का भ्रमण कर कुल 90 स्थानों को चिन्हित किया गया है। संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा ने नियमित निरीक्षण के तहत मंगलवार को अलग-अलग विभागों के अधिकारियों के साथ भैरवगढ़ क्षेत्र स्थित नागदा-उन्हेल मार्ग ब्रिज के नीचे से निरीक्षण कार्य प्रारंभ किया। खेतों की मेड़ से होकर उबड़-खाबड़ मार्गों से होकर अधिकारियों ने शिप्रा नदी पर निर्माणाधीन घाट से सटे स्थानों पर घाट तक पहुंचने के लिए प्रस्तावित पहुंच मार्ग तैयार करने की स्थिति देखने के बाद स्थानों को चिन्हित किया है। ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है जिसमें घाट तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को अधिक पैदल नही चलना पड़े और मार्ग सुविधाजनक रहे। संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए श्री अंगारेश्वर मंदिर के सामने घाट तक पहुंच मार्ग से जोड़ने के लिए घाट के ऊपर तक 12 मीटर की चौड़ाई रखने और मंदिर क्षेत्र से 200 मीटर की दूरी पर रैंप बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही श्री मंगलनाथ मंदिर के आगे मंगलनाथ क्षेत्र की मुख्य सड़क से घाट तक पहुंच मार्ग का प्लान तैयार करने के निर्देश यूडीए सीईओ श्री संदीप सोनी को दिए। इसके बाद मौन तीर्थ के सामने, भैरवगढ़ ब्रिज के समीप, श्री काल भैरव मंदिर के सामने, श्री विक्रांत भैरव मंदिर के सामने, औखलेश्वर श्मशान घाट के समीप, श्री भर्तृहरि गुफा, श्री ऋणमुक्तेश्वर के सामने, वाल्मीकि घाट, सोमतीर्थ, कर्कराज तक करीब छह किलोमीटर का भ्रमण करते हुए 25 स्थानों को पहुंच मार्ग के लिए स्थान चिन्हित किए है। संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो स्थान चिन्हित किए गए है, उन स्थानों को सुविधाओं के साथ विकसित किया जाए। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह और कलेक्टर श्री सिंह ने घाट निर्माण कार्यों की स्थिति भी देखी। निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर 29 किलोमीटर क्षेत्र में नवीन घाट का निर्माण किया जा रहा है। इतने लंबे क्षेत्र में अलग-अलग मार्गों के साथ घाट निर्मित होने के बाद सिंहस्थ के दौरान आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को शिप्रा नदी में स्नान कराने के साथ ही भीड़ नियंत्रण में सुविधा होगी। सिंहस्थ कार्यों में लगे सभी अधिकारी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्लान तैयार करें।

# इंदौर-इच्छापुर रोड के भेरूघाट और बायग्राम ब्लैक स्पॉट का प्रशासनिक निरीक्षण, सड़क सुरक्षा सुधार के निर्देश

संयुक्त लहर, रूपेश कटारिया



**इंदौर।** इंदौर-इच्छापुर रोड पर सड़क दुर्घटनाओं एवं यातायात संबंधी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आज प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने भेरूघाट एवं बायग्राम स्थित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। संयुक्त मुआयना पुलिस अधीक्षक श्री राजेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक श्री उमाकांत चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री निलिन सिंह, आरआई श्री योगेंद्र सिंह भाटी सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी श्री अभिषेक सिंह, श्री जितेंद्र सिंह एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भेरूघाट एवं बायग्राम क्षेत्र में सड़क की स्थिति, तीव्र मोड़, संकेतकों की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था, दुर्घटना संभावित स्थानों तथा भारी वाहनों की आवाजाही का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक श्री वर्मा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। उन्होंने सड़क किनारे सुरक्षा बैरिकेड्स लगाने, उचित संकेतक बोर्ड स्थापित करने, रात्रि में दृश्यता बढ़ाने हेतु पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा यातायात नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। प्रशासन एवं एनएचएआई अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके।

## गंभीर श्वसन बीमारी से जूझते 2 वर्ष 5 माह के बालक वीर को जिला अस्पताल उज्जैन में मिली नई जीवन-रेखा

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**उज्जैन।** जिला चिकित्सालय उज्जैन के चरक भवन स्थित पीआईसीयू में चिकित्सकों की समर्पित टीम ने गंभीर निमोनिया से पीड़ित बालक को सफलतापूर्वक स्वस्थ कर दिया है। यह सफल उपचार जिले में उपलब्ध बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सकीय टीम की निरंतर निगरानी का उत्तम उदाहरण है। उज्जैन जिले के ग्राम बालावद, तहसील बड़नगर निवासी श्री जितेन्द्र के पुत्र मास्टर वीर (उम्र 2 वर्ष 5 माह) को पिछले तीन दिनों से तेज बुखार, खांसी एवं सर्दी की शिकायत थी। हालत गंभीर होने पर बालक को जिला चिकित्सालय उज्जैन में भर्ती कराया गया। भर्ती के समय बालक की स्थिति अत्यंत गंभीर थी। जांच में दोनों फेफड़ों में क्रेपिटेशन एवं व्हीजिंग की समस्या पाई गई। चिकित्सकों ने बालक को निमोनिया (गंभीर श्वसन बीमारी) का मामला मानते हुए तुरंत उपचार शुरू किया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता भीलवार एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप वास्के के मार्गदर्शन में बालक को सीपीएपी सपोर्ट पर रखा गया। लगातार 8 दिनों तक सीपीएपी सपोर्ट, आईवी एंटीबायोटिक्स तथा अन्य आवश्यक दवाओं के साथ निगरानी की गई। धीरे-धीरे बालक की श्वसन स्थिति में सुधार हुआ।

# पुलिस थाना कानवन ने नाबालिक बालक - बालिकाओं को दस्तायव कर परिजनों के सुपुर्द किया

संयुक्त लहर, प्रभुलाल पाटीदार



**चिराखान।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु लगातार विशेष अभियान आपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। जिसके तारतम्य में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सचिन शर्मा सर के द्वारा निर्देशित करने पर सम्पूर्ण जिले में गुम नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी का अभियान चलाकर अधिक से अधिक बालक - बालिकाओं की दस्तयावी हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में दिनांक 11.05.2026 फरियादी रामचन्द्र डामर निवासी ग्राम कडोदकला द्वारा उसके नाबालिक लडके गौतम पिता रामचन्द्र डामर उम्र 13 साल 2 माह निवासी ग्राम कडेदकला के गुम हो जाने की रिपोर्ट करने पर तत्काल श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सचिन शर्मा, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय पारुल वेलापुरकर, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय विजय डाबर व श्रीमान महोदय बदनावर श्री अरविन्द तोमर के निर्देशन में थाना प्रभारी कानवन निरीक्षक श्री रविन्द्र कुमार बारिया व थाना कानवन टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर तंत्र लगाकर दिनांक 12.05.2026 को अपहत बालक गौतम को थाना क्षेत्र देपालपुर जिला इन्दौर से दस्तयाव कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। जिससे परिजनों में खुशी की लहर होकर थाना टीम की कार्यवाही की प्रशंसा की गई। पुलिस थाना कानवन द्वारा निरीक्षक रविन्द्र कुमार बारिया के निर्देशन में इस माह में ऑपरेशन मुस्कान के तहत 5 बालिकायें एवं 1 बालक को दस्तयाव किया गया है। क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक रविन्द्र कुमार बारिया व थाना कानवन की पूरी टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।

## मध्य प्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान के लिए दो महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित

**उज्जैन।** जिला कलेक्टर कार्यालय (अन्त्यावसायी शाखा), उज्जैन के माध्यम से जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित दो योजनाएं संचालित की जा रही हैं: संत रविदास स्वरोजगार योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को उद्योग, व्यवसाय एवं सेवा इकाई स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। ऋण सीमा 1 लाख से 50 लाख रुपए तक, ब्याज दर: मात्र 5 प्रतिशत प्रति वर्ष, अनुदान: 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान एवं गारंटी शुल्क शासन द्वारा वहन किया जाएगा। पात्रता- अनुसूचित जाति का सदस्य, आयु 18 से 45 वर्ष, न्यूनतम 8वीं कक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना का उद्देश्य छोटे स्तर पर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान करना है। ऋण सीमा 10,000 से 1 लाख रुपए तक। अनुदान 5 वर्ष तक ब्याज अनुदान एवं गारंटी शुल्क शासन द्वारा वहन किया जाएगा। पात्रता- अनुसूचित जाति का सदस्य, आयु 18 से 55 वर्ष, शिक्षित या अशिक्षित दोनों पात्र होंगे।

# अनादि कल्पेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित मनोरंजन मेले में उमड़ा जन सैलाब

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा दी जा रही हे आकर्षक प्रस्तुति









संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

अनादि कल्पेश्वर महादेव मंदिर पर नगर परिषद द्वारा आयोजित मनोरंजन मेले में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंच रहे हे यह मेला मालवा का विख्यात मेला रहा हे पूर्व में यहां भव्य पशु मेला लगता था जिसमें बड़ी संख्या में पशुधन की खरीदी बिक्री होती थी लेकिन आधुनिक युग में गाय बेल की उपयोगिता खत्म हो गई ओर टैक्टर से हाकाई जुताई का कार्य होने लगा जिसके कारण यह मेला अपनी विरासत खोता गया ओर मनोरंजन मेले में तब्दील हो गया पिछले वर्ष ऑपरेशन सिंदूर के कारण इस मेले को निरस्त कर दिया था जिससे व्यापारियों को नुकसान हुआ ओर अबकी बार भी मेले को लेकर व्यापारी असमंजस में थे कि मेला लगेगा या नहीं लेकिन परिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता विमल कुमार जैन द्वारा परिषद की सहमति से मेला लगाने का निर्णय लिया शामगढ़ मेले में समय बढ़ने के कारण आलोट मेले के समय में भी परिवर्तन करना पढ़ा ओर अब 6 मई से मेला प्रारंभ हुआ जो 16 मई तक चलेगा 10 दिवसीय इस मेले में झूले ,नाव ,एवं मौत का कुआं आकर्षण का केंद्र रहे हे वही तरबूज,आइसक्रीम ,गन्ने का जूस,,चाट, दाल बाटी आदि खानपान की सामग्री के अलावा मनिहारी सौंदर्यप्रसाधन खिलौने बेल्ट चश्मे आदि की दुकानें सजी हुई हे जिसका लुत्फ नागरिक उठा रहे हे मेले की व्यवस्था में अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक जैन,पार्षद प्रतिनिधि अनिल भरावा, सी,एम ओ सीताराम चौहान, मेला अधिकारी पवन धूमकेती सहायक मेला अधिकारी अक्षित कंडारे कर्मचारी अंकित बाफना आदि लगे हुए हे मेले में नागरिकों के मनोरंजन के लिए नगर परिषद द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जा रहे हे जिसमें वृंदावन के कलाकारों प्रस्तुति,अनुराग इवेंट के कलाकारों द्वारा भस्मारती एवं कालका माता की आकर्षक प्रस्तुति प्रदान की गई।

# बागली में स्टेट बार काउंसिल चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न, 80 प्रतिशत मतदान

संयुक्त लहर, नूर मोहम्मद शेख

**बागली।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद (स्टेट बार काउंसिल) के चुनाव मंगलवार को बागली न्यायालय परिसर में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। अधिवक्ताओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 128 पंजीकृत मतदाता अधिवक्ताओं में से 102 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। करीब 80 प्रतिशत मतदान होने से अधिवक्ता समुदाय में चुनाव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। मतदान प्रक्रिया सुबह 10 बजे शुरू हुई, जो निर्धारित समय शाम 5 बजे तक शांतिपूर्वक चली। मतदान प्रक्रिया की पीठासीन अधिकारी प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती बबीता प्रजापति ने संपूर्ण प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। मतदान के दौरान कहीं भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति निर्मित नहीं हुई, जिससे न्यायालय परिसर में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहा। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी सहित अधिवक्तागण महेंद्र पाटीदार, अनिरुद्ध सिंह ठाकुर, कमलेश शर्मा, रवि जाटव, संतोष यादव, कमल मास्कोले, संदीप यादव, मुकेश जाट, भूपेंद्र कटारिया, मानक आटारिया, प्रभुलाल डॉड़वे, सादिक खान, दीपक त्रिवेदी , सुरेश सिंघानिया, सुशील मोदी, शबाना खान, सबनम शेख, आशा मानसारे, विद्या सेंधव, अमन हुसैन एवं सूरज बागवान सहित अनेक अधिवक्ताओं ने मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में प्रदेशभर से 122 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनका भविष्य अब मतपेटियों में सुरक्षित हो चुका है। बागली में शांतिपूर्ण एवं भारी मतदान को अधिवक्ताओं की जागरूकता, एकजुटता और लोकतांत्रिक विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है।

# चार हार से पंजाब की राह मुश्किल दिल्ली की उम्मीदें अभी भी जिंदा

आईपीएल 2026 अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है और प्लेऑफ की जंग बेहद रोमांचक हो गई है। अभी तक कोई टीम आधिकारिक तौर पर क्वालिफाई नहीं कर सकी है, लेकिन आरसीबी, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस की संभावना 80 प्रतिशत से ज्यादा बताई जा रही है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स और वैभव सूर्यवंशी की राजस्थान रॉयल्स भी दौड़ में मजबूती से बनी हुई हैं। पंजाब किंग्स की लगातार हार ने समीकरण बदल दिए हैं। आईपीएल 2026 का लीग चरण खत्म होने में दो सप्ताह से भी कम समय बचा है, लेकिन अब तक किसी टीम ने प्लेऑफ का टिकट पक्का नहीं किया है। यही वजह है कि इस सीजन का रोमांच अपने चरम पर पहुंच गया है। फिलहाल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस 11 मैचों में 14-14 अंकों के साथ शीर्ष दावेदार बने हुए हैं। पंजाब किंग्स 11 मैचों में 13 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। चेन्नई



सुपर किंग्स 12 अंक के साथ पांचवें और राजस्थान रॉयल्स 12 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की राह मुश्किल जरूर है, लेकिन उम्मीदें अभी खत्म नहीं हुई हैं। जब से आईपीएल 10 टीमों का टूर्नामेंट बना है, तब से 16 अंक को प्लेऑफ में पहुंचने का सुरक्षित आंकड़ा माना जाता है। 10 टीमों वाले आईपीएल इतिहास में 16 अंक वाली कोई भी टीम प्लेऑफ से बाहर नहीं हुई है। 2022, 2023 और 2025 में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम 16 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंची थी। केवल 2024 में 14 अंकों पर चार टीमों के बीच नेट रनरेट का खेल हुआ था, जहां आरसीबी ने बाजी मारी थी। यानी इस सीजन भी जो टीम 16 अंक तक पहुंच जाएगी, उसकी दावेदारी लगभग तय मानी जाएगी। इन तीनों को सिर्फ एक जीत और चाहिए। बाकी तीन मैचों में से एक जीतते ही प्लेऑफ लगभग पक्का हो जाएगा। नेट रनरेट की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स के आंकड़ों के मुताबिक गुजरात टाइटंस, आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना 80 प्रतिशत से ज्यादा है। यह दर्शाता है कि इन तीनों टीमों ने अब तक सबसे स्थिर प्रदर्शन किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस, तीनों प्लेऑफ के बेहद करीब हैं। इसके बाद पंजाब किंग्स की संभावना 62.5 प्रतिशत बताई गई है। सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स की हार ने पॉइंट्स टेबल की तस्वीर बदल दी। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 210 रन बनाए, लेकिन दिल्ली ने यह लक्ष्य 19 ओवर में हासिल कर लिया। यह मुकाबला धर्मशाला में खेला गया, जहां यह सबसे बड़ा सफल रन चेज बन गया। लगातार चौथी हार के बाद पंजाब किंग्स कप्तान श्रेयस अय्यर बेहद निराश नजर आए। पंजाब किंग्स के लिए मामला अभी भी उनके हाथ में है। अगर टीम अपने आखिरी तीन मैचों में से दो जीत लेती है, तो 17 अंकों के साथ प्लेऑफ लगभग तय हो जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स के लिए रास्ता बेहद मुश्किल है। टीम के पास 12 मैचों में 10 अंक हैं। अगर दिल्ली अपने बाकी दोनों मैच जीत भी लेती है, तब भी क्वालिफिकेशन तय नहीं होगा। सबसे बड़ी समस्या उनका खराब नेट रनरेट -0.993 है, जबकि बाकी दावेदार टीमों का नेट रनरेट पॉजिटिव है। दिल्ली को अपने बाकी दोनों मैच जीतने होंगे। साथ ही दूसरी टीमों के नतीजों का इंतजार करना होगा। इतना ही नहीं, नेट रनरेट भी बड़ा फैक्टर रहेगा। केकेआर को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने चारों मैच जीतने होंगे। ऐसा करने पर टीम 17 अंकों तक पहुंच जाएगी। अगर एक मैच रद्द हो जाए और बाकी तीन जीत जाए, तब भी 16 अंकों पर उम्मीद बच सकती है। चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स दोनों के लिए समीकरण साफ है। अगर ये टीमें अपने बचे हुए तीन मैचों में से दो जीत लेती हैं, तो प्लेऑफ में पहुंचने की मजबूत संभावना है।

# बांग्लादेश सरकार ने बनाई उच्च स्तरीय समिति, टूर्नामेंट से हटने की होगी जांच



भारत और श्रीलंका में आयोजित टी20 विश्व कप से हटने के फैसले की जांच के लिए बांग्लादेश सरकार ने तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति 15 कार्यदिवस में रिपोर्ट देगी और यह पता लगाएगी कि टीम ने सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट से नाम क्यों वापस लिया। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप से बांग्लादेश क्रिकेट टीम के हटने के मामले की जांच के लिए बांग्लादेश सरकार ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। सरकारी आदेश के अनुसार, यह समिति टीम के टूर्नामेंट से हटने के पीछे की परिस्थितियों और कारणों की जांच करेगी। समिति को 15 कार्यदिवस के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। जांच समिति की अध्यक्षता पूर्व अतिरिक्त सचिव डॉ. एकेएम ओलि उल्लाह करेंगे। समिति के अन्य सदस्यों में बांग्लादेश के पूर्व कप्तान और मौजूदा मुख्य चयनकर्ता हबीबुल बशार, सुप्रीम कोर्ट के वकील फैसल दस्तगीर शामिल हैं। समिति प्रमुख ओलि उल्लाह ने कहा कि वे जल्द से जल्द जांच प्रक्रिया शुरू करेंगे और निर्धारित समयसीमा के भीतर रिपोर्ट सौंपने का प्रयास करेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टीम को भारत भेजने से इनकार कर दिया था। दरअसल, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (त्चयक्र) से तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को राष्ट्रीय टीम के लिए रिलीज करने को कहा था। इसके बाद दोनों बोर्डों के बीच विवाद बढ़ गया। बांग्लादेश बोर्ड ने आईसीसी से अपने मैच श्रीलंका में कराने की मांग भी की थी, लेकिन आईसीसी ने इस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। बाद में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया गया।

# यूरोप की नई टी20 लीग में भारतीय जलवा; राहुल द्रविड़ बने टीम मालिक, अश्विन संभालेंगे कप्तानी

यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग के आगाज से पहले भारतीय क्रिकेट के दो बड़े नाम चर्चा में हैं। राहुल द्रविड़ डबलिन गार्डियंस टीम के मालिक बने हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। लीग का पहला सीजन 26 अगस्त से 20 सितंबर तक खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़ को सोमवार को यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग की डबलिन फ्रेंचाइजी डबलिन गार्डियंस का मालिक घोषित किया गया। इस मौके पर द्रविड़ ने कहा कि उनका मकसद सिर्फ टीम खरीदना नहीं, बल्कि यूरोप में क्रिकेट के विकास में योगदान देना है। द्रविड़ ने कहा, 'मुझे ईटीपीएल की बड़ी सोच ने आकर्षित किया। यह यूरोप में क्रिकेट को मजबूत करने, जमीनी स्तर पर विकास करने और नए खिलाड़ियों के लिए रास्ते बनाने का शानदार अवसर है।' उन्होंने आगे कहा, 'डबलिन में क्रिकेट



को लेकर जबरदस्त जुनून है और यहां आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। अगली पीढ़ी को तैयार करना हमेशा मेरे लिए अहम रहा है। मुझे विश्वास है कि इस सफर में बड़ी भूमिका निभा सकता है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन को डबलिन गार्डियंस का कप्तान बनाया गया है। द्रविड़ जैसे रणनीतिक दिमाग और अश्विन जैसे अनुभवी कप्तान के साथ यह टीम लीग की सबसे चर्चित फ्रेंचाइजी बन गई है। अश्विन की कप्तानी में टीम बेलफास्ट, एडिनबर्ग, ग्लासगो, रॉटरडैम और एम्स्टर्डम जैसी टीमों से भिड़ेगी। ईटीपीएल को क्रिकेट आयरलैंड, क्रिकेट स्कॉटलैंड और रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन के साथ मिलकर शुरू किया गया है। यह एक क्रॉस-बॉर्डर फ्रेंचाइजी मॉडल है, जिसमें छह शहरों की टीमें हिस्सा लेंगी। लीग में कई अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ियों के खेलने की उम्मीद है। इनमें मिचेल मार्श, टिम डेविड, मिचेल सैंटनर, लियाम लिविंगस्टोन, ग्लेन मैक्सवेल, फाफ डुप्लेसिस और हेनरिक क्लासेन जैसे नाम शामिल हैं। इस लीग की दूसरी टीमों में भी कई बड़े क्रिकेट नाम जुड़े हैं। बेलफास्ट फ्रेंचाइजी के मालिक ग्लेन मैक्सवेल हैं, जबकि एम्स्टर्डम टीम से स्टीव वॉ जुड़े हैं। रॉटरडैम फ्रेंचाइजी में जोंटी रोड्स और फाफ डुप्लेसिस शामिल हैं। ग्लासगो टीम में क्रिस गेल भी भागीदार हैं। ईटीपीएल में राहुल द्रविड़ और अश्विन की मौजूदगी ने लीग को शुरुआत से ही बड़ा आकर्षण दे दिया है। इससे साफ है कि भारतीय क्रिकेट दिग्गज अब मैदान के बाहर भी दुनिया भर में खेल को नई दिशा देने में जुटे हैं। यूरोप में क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने की इस कोशिश में भारत के दो बड़े नाम अब अहम भूमिका निभाएंगे।

# माधव तिवारी- दिल्ली का 100प्रतिशत बल्लेबाज और गेंदबाज

दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को हराकर प्लेऑफ उम्मीदें जिंदा रखीं। 22 वर्षीय माधव तिवारी ने गेंद से दो अहम विकेट लिए और बल्लेबाजी में आठ गेंदों पर नाबाद 18 रन बनाए। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आईपीएल 2026 के 55वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। डीसी की इस जीत में 22 वर्षीय खिलाड़ी माधव तिवारी ने अहम रोल अदा किया। माधव ने गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। माधव ने पहले गेंदबाजी में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और कूपर कोनोली का बड़ा विकेट अपने नाम किया। इसके बाद उन्होंने अंत के ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ आठ गेंदों में 18 रनों की



नाबाद पारी खेलते हुए दिल्ली कैपिटल्स को इस सीजन की पांचवीं जीत दिलाई। माधव को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। माधव ने अपने शानदार प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा, 'मैं सबसे पहले टीम मैनेजमेंट को यह मौका देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, और मैं बहुत लकी हूं कि मैं यहां जीतने वाली टीम में शामिल हो सका। माइंडसेट हमेशा यही रहता है कि अगर चीजें आपके हाथ में नहीं हैं, तो आप हर प्रैक्टिस सेशन में बेहतर करने की कोशिश करें। मैंने मुनाफ पटेल के साथ अपनी गेंदबाजी पर काफी काम किया, और मैंने बल्लेबाजी कोच के साथ अपनी रेंज-हिटिंग और ऐसी चीजों पर लगातार मेहनत की। यह मजेदार था, और मुझे खुशी है कि मैं टीम के लिए योगदान दे पाया।' माधव से जब पूछा गया कि वह बल्लेबाजी या गेंदबाजी ऑलराउंडर में से क्या हैं, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि वह 100 प्रतिशत बल्लेबाज और 100 प्रतिशत गेंदबाज हैं। मैच में अपने गेंदबाजी प्लान बताते हुए माधव ने कहा, 'मुझे लगता है कि विकेट से लेंथ बॉल को मदद मिल रही थी, इसलिए मैं शुरू में उसी पर टिका रहा। मैं बीच-बीच में वाइड गेंदों और शॉर्ट गेंदों के साथ इसे मिक्स करने की कोशिश कर रहा था। मैं पूरी तरह से तैयार था और पिच से तेज गेंदबाजों को मदद भी मिल रही थी।' माधव ने बताया कि दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजी कोच इयान बेल ने उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा, 'हमारे बल्लेबाजी कोच (इयान बेल) ने मुझसे बस इतना कहा- तुम्हारे पास पावर है, तुम्हारे पास सब कुछ है। बस कुछ अलग करने की कोशिश मत करो। बस अपना शेप बनाए रखो और गेंद को देखकर शॉट खेलो।

# तमीम इकबाल बोले- भारत के लिए बांग्लादेश सुरक्षित; विश्वकप विवाद को लेकर पूर्व बीसीबी अध्यक्ष को भी घेरा

टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बांग्लादेश के बाहर होने के विवाद पर तमीम इकबाल ने पहली बार खुलकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आईसीसी नरम रुख में था और समाधान की गुंजाइश थी, लेकिन पूर्व बीसीबी प्रशासन मामले को सही ढंग से संभाल नहीं सका। टी20 वर्ल्ड कप 2026 सिर्फ भारत की खिताबी जीत के लिए नहीं, बल्कि बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के विवाद के लिए भी याद किया जाएगा। अब इस पूरे मामले पर बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने पहली बार खुलकर बयान दिया है। हाल ही में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अंतरिम प्रमुख बनाए गए तमीम ने माना कि यह स्थिति बेहतर तरीके से संभाली जा सकती थी। उन्होंने भारत के बांग्लादेश दौरे को लेकर उम्मीद भी जताई है और कहा है कि बांग्लादेश भारत के लिए सुरक्षित है। तमीम इकबाल ने पूर्व बीसीबी प्रशासन की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने मामले को सही तरीके से नहीं संभाला। तमीम ने कहा, 'जब टी20 वर्ल्ड कप का मुद्दा हुआ, तब शायद मैं पहला व्यक्ति था जिसने आवाज उठाई। जो किया गया और जिस तरह पिछला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड इसे संभाल रहा था, वह सही नहीं था। आईसीसी नरम था, समाधान निकालने की गुंजाइश थी। हमें रास्ता ढूंढना चाहिए था।' तमीम ने भावुक अंदाज में कहा कि बांग्लादेश ने बहुत संघर्ष करके विश्व क्रिकेट में अपनी जगह बनाई थी, लेकिन बिना सही संवाद के बड़ा मौका गंवा दिया। उन्होंने कहा, '1996-97 को याद कीजिए, जब हमने केन्या को हराकर वर्ल्ड कप में जगह बनाई थी। लोग सड़कों पर जश्न मना रहे थे।

# दिल्ली का दूसरा सबसे बड़ा सफल रनचेज, प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार; पंजाब के नाम अनचाहा रिकॉर्ड

दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया। सोमवार को खेले गए मुकाबले में पंजाब ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19 ओवर में सात विकेट पर 216 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मिचेल स्टार्क और माधव तिवारी की घातक गेंदबाजी के बाद अक्षर पटेल और डेविड मिलर की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया। सोमवार को धर्मशाला में खेले गए आईपीएल मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने प्रियांश आर्या (56) और श्रेयस अय्यर (59*) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर



210 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19 ओवर में सात विकेट पर 216 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। पंजाब के लिए अर्शदीप और यश ठाकुर ने दो-दो विकेट लिए जबकि बेन ड्वार्शुइस और मार्कस स्टोइनिस के नाम एक-एक विकेट रहा। दिल्ली का यह आईपीएल में किसी टीम के खिलाफ दूसरे सबसे बड़ा सफल रनचेज है। इससे पहले टीम ने जयपुर में राजस्थान के खिलाफ 226 रनों के लक्ष्य को हासिल किया था। वहीं, पंजाब के नाम अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया। पंजाब किंग्स आईपीएल की पहली ऐसी टीम बन गई है जिसके नाम 200 से ज्यादा स्कोर का बचाव करते हुए सबसे ज्यादा शिकस्त दर्ज हैं। टीम ने नौ मुकाबले गंवाए हैं जबकि आरसीबी (सात), चेन्नई (छह) और कोलकाता (पांच) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। 12 में से पांच मुकाबले जीतकर दिल्ली सातवें स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में 10 अंक हो गए हैं और नेट रन रेट -0.993 है। उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें अभी जीवित हैं। वहीं, पंजाब किंग्स 13 अंक और +0.428 नेट रन रेट के साथ चौथे स्थान पर है। शीर्ष पर आरसीबी है जबकि हैदराबाद और गुजरात क्रमशः दूसरे और तीसरे पायदान पर है।

# बांग्लादेश सरकार ने बनाई उच्च स्तरीय समिति, टूर्नामेंट से हटने की होगी जांच

भारत और श्रीलंका में आयोजित टी20 विश्व कप से हटने के फैसले की जांच के लिए बांग्लादेश सरकार ने तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति 15 कार्यदिवस में रिपोर्ट देगी और यह पता लगाएगी कि टीम ने सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट से नाम क्यों वापस लिया। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप से बांग्लादेश क्रिकेट टीम के हटने के मामले की जांच के लिए बांग्लादेश सरकार ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। सरकारी आदेश के अनुसार, यह समिति टीम के टूर्नामेंट से हटने के पीछे की परिस्थितियों और कारणों की जांच करेगी। समिति को 15 कार्यदिवस के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। तमीम इकबाल बोले- भारत के लिए बांग्लादेश सुरक्षित; विश्वकप विवाद को लेकर पूर्व क्क्ष्टक्क अध्यक्ष को भी घेरा जांच समिति की अध्यक्षता पूर्व अतिरिक्त सचिव डॉ. एकेएम ओलि उल्लाह करेंगे। समिति के अन्य सदस्यों में बांग्लादेश के पूर्व कप्तान और मौजूदा मुख्य चयनकर्ता हबीबुल बशार, सुप्रीम कोर्ट के वकील फैसल दस्तगीर शामिल हैं। समिति प्रमुख ओलि उल्लाह ने कहा कि वे जल्द से जल्द जांच प्रक्रिया शुरू करेंगे और निर्धारित समयसीमा के भीतर रिपोर्ट सौंपने का प्रयास करेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टीम को भारत भेजने से इनकार कर दिया था। दरअसल, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स से तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को राष्ट्रीय टीम के लिए रिलीज करने को कहा था। इसके बाद दोनों बोर्डों के बीच विवाद बढ़ गया। बांग्लादेश बोर्ड ने आईसीसी से अपने मैच श्रीलंका में कराने की मांग भी की थी।

# इस पूर्व क्रिकेटर ने एमआई को हार्दिक को कप्तानी से हटाने के लिए कहा, बुमराह को कमान सौंपने की दी सलाह


आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के खराब प्रदर्शन के बाद हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर सवाल उठने लगे हैं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने मुंबई इंडियंस को कप्तानी में बदलाव की सलाह देते हुए जसप्रीत बुमराह को नया कप्तान बनाने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि हार्दिक के साथ आशीष नेहरा को भी टीम में लाना चाहिए था। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का आईपीएल 2026 सीजन बेहद निराशाजनक रहा। टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और आखिरी गेंद पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मिली हार ने उनकी उम्मीदों पर पूरी तरह पानी फेर दिया। इस सीजन मुंबई ने अब तक सिर्फ तीन मुकाबले जीते हैं, जिसके बाद कप्तान हार्दिक पांड्या की रणनीति और नेतृत्व क्षमता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने खुलकर कहा कि मुंबई इंडियंस को अब हार्दिक पांड्या से आगे सोचने की जरूरत है। उन्होंने फ्रेंचाइजी को जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाने की सलाह दी। मांजरेकर ने कहा, 'मैं बुमराह को कप्तान के रूप में देखना चाहता हूं, क्योंकि खेल को जितना वह समझते हैं, उतना बहुत कम लोग समझते हैं।' उन्होंने बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी गेंदबाजी सिर्फ एक्शन पर आधारित नहीं है, बल्कि वह बल्लेबाज, पिच और मैच की स्थिति को शानदार तरीके से पढ़ते हैं। मांजरेकर का मानना है कि बुमराह में नेतृत्व की क्षमता मौजूद है और आईपीएल में उन्हें मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि कम से कम इंडियन प्रीमियर लीग में उन्हें कप्तानी का मौका मिलना चाहिए।' उन्होंने यह भी माना कि टेस्ट कप्तानी की तुलना में आईपीएल कप्तानी बुमराह के लिए कम बोझिल होगी, क्योंकि वहां फिटनेस का दबाव अलग स्तर का होता है। मांजरेकर ने मुंबई इंडियंस के उस फैसले पर भी सवाल उठाया, जब टीम ने हार्दिक पांड्या को ट्रेड कर वापस शामिल किया था। उनका कहना था कि गुजरात टाइटंस में हार्दिक की सफलता के पीछे कोच आशीष नेहरा की भी बड़ी भूमिका थी। उन्होंने कहा, 'अगर हार्दिक मुंबई आने वाले थे, तो उनके साथ आशीष नेहरा को भी लाना चाहिए था। यह एक पैकेज डील जैसा होना चाहिए था।' यह बयान इस ओर इशारा करता है कि हार्दिक को सही सपोर्ट सिस्टम नहीं मिला, जिसकी वजह से वह कप्तानी में वैसा असर नहीं छोड़ पाए। हार्दिक पांड्या की कप्तानी को इस सीजन फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों ने लगातार निशाने पर रखा।




# इंदौर का पारा 43 डिग्री पर पहुंचा : भरी दोपहर में निकली 'कूलर वाली बारात' ठंडक मिली तो दूल्हे ने भी किया डांस

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि





**इंदौर।** भीषण गर्मी के बीच इंदौर में एक अनोखी बारात लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई। सयाजी होटल पहुंची इस बारात में लंबा शामियाना लगाया गया था, जिसके दोनों ओर 20 से ज्यादा जंबो कूलर लगाए गए थे। कूलरों की ठंडी हवा के बीच बाराती जमकर नाचते नजर आए। खास बात यह रही कि दूल्हा भी पूरे समय घोड़ी पर डांस करता दिखाई दिया। गर्मी के बीच इस तरह की 'शामियाना वाली बारात' लोगों में चर्चा का विषय बनी रही। राह चलते लोग भी इस अनोखे इंतजाम को देखने के लिए रुकते नजर आए। इंदौर में फिर भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को दिन का तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिम दिशा से 11 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने लोगों को झुलसा दिया। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए हीट वेव यानी लू चलने की चेतावनी जारी की है। मंगलवार सुबह से ही तेज गर्मी महसूस की जा रही है। उधर, सोमवार सुबह 10 बजे के बाद धूप तेज हो गई। दोपहर में सड़कों पर आवाजाही कम रही। शाम को सूर्यास्त के बाद भी गर्मी से राहत नहीं मिली और उमस बनी रही। रात का तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लू को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिनों में तापमान और बढ़ सकता है। रात का तापमान भी 28 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। आसमान साफ रहने से धूप का असर ज्यादा रहेगा।

**वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कमजोर पड़ने से बढ़ी गर्मी**

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक गर्मी नियंत्रित करने वाला वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कमजोर पड़ गया है। इसी वजह से तापमान तेजी से बढ़ रहा है। अप्रैल में भी 26 तारीख को तापमान 43.2 डिग्री तक पहुंचा था। पिछले साल से अलग है मौसम मौसम विभाग के अनुसार पिछले साल मई अपेक्षाकृत ठंडा रहा था और अच्छी बारिश दर्ज की गई थी। इस बार मई के दूसरे हफ्ते में ही तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच गया है। स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हसानी ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों, बच्चों और धूप में काम करने वालों को ज्यादा खतरा है। ओआरएस, नारियल पानी, छाछ और नींबू पानी का सेवन करें। बाहर निकलते समय छाता और सनग्लास का उपयोग करें।

## सोनम जाएगी जेल या जारी रहेगी बेल फैसला आज : हाईकोर्ट में आज मेघालय सरकार ने लगाई है सोनम की बेल के खिलाफ याचिका




संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** चर्चित 'हनीमून मर्डर केस' में आज मेघालय हाईकोर्ट में अहम सुनवाई होने जा रही है। इस मामले की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को निचली अदालत से मिली जमानत को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में अपील दायर की है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि हाईकोर्ट उनकी जमानत बरकरार रखता है या फिर दोबारा हिरासत में भेजने का आदेश देता है। यह मामला पिछले साल मई में राजा रघुवंशी की हत्या से जुड़ा है। इंदौर निवासी राजा की मेघालय के सोहरा क्षेत्र में हनीमून के दौरान हत्या कर दी गई थी। जांच के बाद मेघालय पुलिस ने राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी और उनके कथित प्रेमी राज कुशवाहा को इस हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता बताया था। अप्रैल के अंत में शिलांग की निचली अदालत ने सोनम रघुवंशी को जमानत दे दी थी। जमानत का आधार पुलिस दस्तावेजों में हुई एक कथित लिपिकीय त्रुटि बनी, जिसमें गिरफ्तारी दस्तावेज में हत्या से संबंधित सही धारा के बजाय दूसरी धारा दर्ज हो गई थी। अदालत ने इसे प्रक्रियात्मक चूक मानते हुए राहत दे दी।राजा के परिवार ने हाईकोर्ट में दलील दी है कि केवल तकनीकी गलती या टाइपिंग एरर के आधार पर इतने गंभीर अपराध में आरोपी को जमानत देना उचित नहीं है। सरकार का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तारी के कारणों की पूरी जानकारी थी और पुलिस के पास पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। वहीं मामले के अन्य आरोपी राज कुशवाहा समेत चार लोग अब भी जेल में हैं।

## बारिश के पहले होगा ट्रेजर टाउन रोड का काम महापौर बोले- अतिक्रमण हटाओ, तेजी से काम करो

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**इंदौर।** बारिश के पहले ट्रेजर टाउन रोड का काम पूरा किया जाएगा। इसके लिए महापौर ने अधिकारियों को काम को तेजी से पूरा करने के लिए कहा है। मंगलवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा सहित अन्य अधिकारियों के साथ वार्ड 78 में पहुंचे। यहां उन्होंने क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं और चल रहे विकास कामों की प्रोग्रेस देखकर समीक्षा की।

**महापौर बोले- बारिश के पहले हो पूरा काम**

महापौर ने ट्रेजर टाउन क्षेत्र में बन रही रोड परियोजना का अवलोकन कर अधिकारियों से काम की अभी की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि बारिश शुरू होने से पहले रोड बनाने का काम पूरा कर उसका लोकार्पण किया जाए, ताकि रहवासियों को आने-जाने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े।

**अतिक्रमण और बाधाओं को हटाओ**

महापौर ने रोड बनाने में बाधा बन रहे अतिक्रमण और अन्य बाधाओं को जल्द हटाने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कामों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। इधर, क्षेत्रीय पार्षद ओपी आर्य ने महापौर को बताया कि रोड बनाने के दौरान कुछ जगहों पर चार अलग-अलग पक्षों द्वारा आपत्तियां दर्ज कराई हैं। महापौर बोले कि इन जगहों को देखा जा चुका है, उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन जगहों पर किसी प्रकार का विवाद नहीं है, वहां तुरंत रोड बनाने का काम पूरा कर आवागमन शुरू किया जाए। निर्माणाधीन सम्पवेल को भी देखा महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, अभिषेक बबलू शर्मा तथा स्थानीय पार्षद ने बिजलपुर स्थित निर्माणाधीन संप (सम्पवेल) का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से चर्चा कर काम की स्पीड तेज करने के लिए कहा। महापौर ने बताया कि इस परियोजना के पूरे होने के बाद पश्चिमी क्षेत्र में लंबे समय से बनी पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा और बड़ी संख्या में लोगों को बेहतर जल आपूर्ति का लाभ मिलेगा। महापौर ने अधिकारियों से विकास कामों की मॉनिटरिंग और समय सीमा में परियोजनाएं पूरी करने के लिए कहा है।

## इंदौर के नवलखा से बसें नहीं हटी तो होगा आंदोलन

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** इंदौर के नवलखा इलाके में बसों में सोमवार को आग लग गई। इस घटना के बाद अब नगर निगम के एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा ने 12 दिनों का अल्टीमेटम दे दिया है। उनका कहना है कि यदि बसों को यहां से नहीं हटाया गया, तो वे रहवासियों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे। आग लगने की घटना के बाद बसों को हटवाने की मांग को लेकर वे धरने पर भी बैठ गए थे। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक वे धरने पर बैठे रहे। इसके बाद पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत हुई, तब जाकर उन्होंने धरना समाप्त किया। मेंबर मनीष शर्मा का कहना है कि यहां पहले भी बसों में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। यह एक रहवासी इलाका है, जहां करीब 50 हजार लोग निवास करते हैं। ऐसे में बसों का यहां खड़ा रहना और आग लगने जैसी घटनाएं होना कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि इन बसों का यहां खड़ा रहना बंद होना चाहिए। घटना के दौरान मनीष शर्मा धरने पर बैठ गए थे। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक चले धरने में कई रहवासी भी शामिल हुए और इलाके से बसों को हटाने की मांग करने लगे। मेंबर का कहना है कि यदि 12 दिनों के भीतर यहां से बसें नहीं हटाई गईं, तो वे रहवासियों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे। जरूरत पड़ी तो चक्काजाम भी किया जाएगा। मनीष शर्मा मामा का कहना है कि सोमवार दोपहर वे टैंकरों से बस्ती में पानी सप्लाई करने गए थे। इसी दौरान बसों में आग लगने और गैस सिलेंडर फटने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे और बस्ती में पानी सप्लाई के लिए लाए गए तीनों टैंकरों को घटना स्थल पर बुलवा लिया। इसके बाद टैंकरों के पानी की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। हालांकि, कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। आग लगने की घटना के बाद कई किमी दूर से धुएं का गुबार नजर आ रहा था। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, एक बस में मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान वेल्डिंग करते समय बस में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पास में खड़ी दूसरी बसों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

## इंदौर में आम बेचने वाले ने गले पर रखा चाकू : बोला- ठेला ले गए तो जान दे दूंगा

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**इंदौर।** इंदौर में सड़क पर ठेला लेकर घूमना एक ठेले वाले को सोमवार दोपहर इतना भारी पड़ गया कि उसने अपना ठेला बचाने के लिए खुद के गले पर चाकू रख लिया। ठेले वाले ने यहां तक कह दिया कि यदि ठेला ले गए तो वह जान दे देगा। कार्रवाई के दौरान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। दरअसल, पलसीकर इलाके में रहने वाला 28 वर्षीय मोहम्मद शाहरुख सिद्दीकी मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह पिछले 12-13 सालों से इंदौर में रह रहा है। उसने बताया कि सोमवार को वह आम का ठेला लेकर निकला था। जयरामपुर कॉलोनी में वह खाना खाने पहुंचा, लेकिन वहां उसे खाना नहीं मिला। इसके बाद वह पलसीकर चौराहे के पास पहुंचा। यहां खाना खाने के बाद जैसे ही वह ठेला लेकर निकला, तभी एक महिला ने उससे आम के दाम पूछे और दो किलो आम खरीद लिए। ठेला संचालक ने बताया कि आम देकर वह ठेला आगे बढ़ाने ही वाला था कि तभी अचानक वहां नगर निगम के कर्मचारी आ गए और उसे घेर लिया। उन्होंने ठेला सड़क किनारे लगवाया और आम भरने को कहा। विरोध करने पर कर्मचारी खुद ही आम भरने लगे। उसने उन्हें मना भी किया, लेकिन वे नहीं माने और ठेला उठाने के लिए बड़ी गाड़ी बुला ली। मोहम्मद शाहरुख ने बताया कि इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। नगर निगम के कर्मचारी भी मौके पर इकट्ठा हो गए। वह लगातार उनसे मिन्नत करता रहा कि उसका ठेला छोड़ दें, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद उसने ठेले पर रखा चाकू उठाकर अपने गले पर रख लिया और कहा कि वह जान दे देगा। यह देखकर नगर निगम कर्मचारी भी चौंक गए। बाद में लोगों ने युवक को समझाया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। मोहम्मद शाहरुख ने बताया कि पहले वह दूसरों के ठेले पर काम करता था, लेकिन अब खुद का ठेला लगाता है। वह लोगों से उधार लेकर माल खरीदता है और आम बेचने के बाद उनका पैसा लौटाता है। सोमवार को उसके ठेले पर 160 किलो आम थे। ये आम भी उसने उधार लेकर खरीदे थे। उसने कहा कि वह खुद का खर्च कम करके गांव में अपने माता-पिता को पैसे भेजता है। अगर नगर निगम उसका ठेला और माल जब्त कर लेता, तो उसके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता।

## शादी करो वरना फोटो वायरल कर दूंगा': एआई से फोटो एडिट कर छात्रा को किया ब्लैकमेल, सगाई तुड़वाई; इंदौर में युवक पर केस

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** बाणगंगा में रहने वाली एक कॉलेज छात्रा ने अपने परिचित युवक पर एआई की मदद से फोटो एडिट कर बदनाम करने और सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक निजी कॉलेज में फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही छात्रा की शिकायत पर विशाल पुत्र पप्पू गुर्जर निवासी राऊ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता ने बताया कि साल 2024 में उसकी बहन की शादी के दौरान विशाल से पहचान हुई थी। शादी समारोह में दोनों के बीच सामान्य बातचीत हुई और इसी दौरान आरोपी ने कुछ फोटो भी लिए थे। कुछ समय बाद विशाल ने छात्रा पर शादी का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मना करने पर उसने धमकी दी कि शादी में खींची गई तस्वीरों को एआई से एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। छात्रा के अनुसार आरोपी लगातार बात करने और रिश्ता स्वीकार करने का दबाव बनाता रहा। जब परिवार ने दूसरी जगह शादी की बात शुरू की तो विशाल ने वहां भी बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने यह बात अपनी बहन और जीजा को बताई। परिवार ने आरोपी से बात की तो उसने मोबाइल पर अभद्रता की और छात्रा के एडिट किए हुए फोटो भेज दिए। करीब दो महीने पहले जब युवती की सगाई हुई तो आरोपी उसके घर पहुंच गया और मंगेतर के सामने युवती को लेकर कई बातें कही। इसके बाद सगाई टूट गई। छात्रा ने पुलिस को बताया कि आरोपी की हरकतों से वह मानसिक रूप से टूट गई थी और आत्महत्या तक का विचार आने लगा था। बाद में परिवार ने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की, जिसके बाद मामला थाने पहुंचा।

# मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल चुनाव आज इंदौर में 11 मतदान केंद्रों पर होगा मतदान

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के 25 प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए सोमवार 12 मई को प्रदेशभर में मतदान होगा। इंदौर जिला कोर्ट सहित प्रदेश की सभी अदालतों में मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इंदौर कोर्ट परिसर में मतदान के लिए 11 केंद्र बनाए गए हैं। यहां कुल 10,537 अधिवक्ता मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। प्रदेशभर में 121 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि इंदौर से 22 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इंदौर से मैदान में उतरे प्रमुख उम्मीदवारों में विवेक सिंह, हितोषी जय हार्डिया, सुनील गुप्ता, नरेंद्र कुमार जैन, खिलाड़ी लाल गनगौरे, सुरेंद्र कुमार वर्मा, निमेष पाठक, तनुज दीक्षित, राकेश सिंह भदौरिया, अखिलेश कुमार सक्सेना समेत अन्य शामिल हैं।

**1962 से 2026 तक सदस्यता लेने वाले अधिवक्ताओं के लिए अलग मतदान केंद्र**

मुख्य मतदान अधिकारी एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार मिश्रा ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाने के लिए अधिवक्ताओं की सदस्यता वर्ष और मतदाता क्रमांक के आधार पर अलग-अलग मतदान केंद्र तय किए गए हैं। मतदान केंद्र नए कोर्ट भवन के सभागार, अधिवक्ता ग्रंथालय, बार रूम के सामने, टेनिस हॉल और मुख्य अधिवक्ता कक्ष में बनाए गए हैं। वर्ष 1962 से 2026 तक सदस्यता लेने वाले अधिवक्ताओं के लिए अलग-अलग केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

**केवल एक प्रवेश द्वार, 200 गज तक प्रचार प्रतिबंधित**

मतदान के लिए जिला कोर्ट परिसर में केवल एक प्रवेश द्वार रखा गया है। मतदान केंद्र से 200 गज की परिधि में किसी भी प्रकार का चुनाव प्रचार पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मतदान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। हालांकि शाम 5 बजे तक केंद्र पर मौजूद मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति रहेगी। मतदान के दौरान प्रत्येक अधिवक्ता को राज्य अधिवक्ता परिषद, जिला या तहसील अधिवक्ता संघ द्वारा जारी परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य होगा।

**25 प्रतिनिधि चुने जाएंगे, लेकिन 23 उम्मीदवारों को ही दे सकेंगे वोट**

स्टेट बार काउंसिल चुनाव हर पांच वर्ष में आयोजित किए जाते हैं। इस बार राज्य स्तर पर निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार पालो बनाए गए हैं। चुनाव में दो पद महिलाओं के लिए आरक्षित होने के कारण मतदाता 25 के बजाय केवल 23 उम्मीदवारों को ही वरीयता क्रम में वोट दे सकेंगे। मतपत्र में पुरुष और महिला प्रत्याशियों के नाम एक साथ होंगे। मतदाताओं को पसंद के उम्मीदवारों के सामने 1 से 23 तक क्रमांक अंकित करना होगा। इससे अधिक उम्मीदवारों को वोट देने पर मतपत्र निरस्त माना जाएगा। प्रदेशभर में करीब 86 हजार अधिवक्ता मतदाता हैं, जिनमें सबसे अधिक मतदाता इंदौर में हैं। मतदान के बाद मतगणना 16 जून से शुरू होगी, जो कई दिनों तक चल सकती है।

## इंदौर सराफा में दलालों के बीच विवाद ग्राहक को लेकर शुरू हुई कहासुनी हाथापाई में बदली, दोनों पक्ष पुलिस के पास पहुंचे

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** इंदौर सराफा बाजार में मंगलवार दोपहर दो दलालों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्ष सड़क पर विवाद और हाथापाई करते दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार सराफा मार्केट में एक दुकान के बाहर ग्राहक को लेकर दो दलालों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों ने सड़क पर जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने लाया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

## इंदौर में ऑटो में बैठाकर बड़नगर के व्यापारी को लूटा : सुनसान जगह ले जाकर 1.70 लाख रुपए लूटकर बदमाश फरार

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** थाना क्षेत्र में बड़नगर से खरीदारी करने आए एक स्टोर्स कर्मचारी के साथ लूट की वारदात हो गई। बदमाश ऑटो में बैठाकर उसे सुनसान इलाके में ले गए और रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में करीब 1 लाख 70 हजार रुपए रखे हुए थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी गणेश सिंह सोलंकी रविवार शाम बड़नगर से ट्रेन के जरिए इंदौर पहुंचे थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुनील कुमार यादव के लिए पंकज प्रिंटर एंड पैकेजिंग, 16-ए अल्फा इंडस्ट्रियल पार्क, ग्राम जाख्या, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) पिन-453555 - बी, सूर्यदेव नगर इंदौर कैट रोड हवा बंगला से प्रकाशित। प्रबंध सम्पादक : सुनील कुमार यादव (9630413449)
सम्पादक : भारत प्रसाद यादव, **Email : dainiksanyuktlaher@gmail.com** समाचार चयन के लिए पीआर एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) RNI No. MPHIN/2023/90392